Title Code :- RAJHIN27855

दैनिक द डेस्प्रिंग

TDN THE DAYSPRING NEWS

@tdnnewsindia
@tdn_thedayspringnews
@the Dayspring news
@thedayspring
@tdnnewsindia

वर्ष: 4 अंक:263 मूल्य: 3 रू पेज: 8 जयपुर, गुरूवार/ 16 अक्टूबर /2025 जयपुर से प्रकाशित (सीकर, जोधपुर, कोटा, भरतपुर, सिरोही से प्रसारित)

# आतंकवादी पाताल में भी छुपे हों, ढूंढ़ निकालेंगे

## हरियाणा में जवानों के बीच खूब गरजे अमित शाह



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हरियाणा के मानेसर में मंगलवार को एक कार्यक्रम के दौरान सेना की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में आतंकवादी समूहों के मुख्यालयों, प्रशिक्षण केंद्रों और लॉन्च पैड्स को तबाह कर दिया गया। शाह ने कहा,आतंकवादी कहीं पर भी छिपे हों, उन्हें छिपाने के लिए कितनी भी मजबूत व्यवस्था की गई हो मगर हमारे जवानों ने यह तय कर दिया है कि आपको दुनिया में कहीं भी छिपने की जगह नहीं मिल सकती। भारत की सुरक्षा एजेंसियां आपको पाताल से भी ढूंढ़कर आतंकवादी कृत्य के लिए दंड देने को तैयार हैं। अमित शाह ने ऑपरेशन महादेव का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, जिन आतंकवादियों ने हमला किया था उन्हें सुरक्षा बलों ने ऑपरेशन महादेव के जरिए समाप्त कर दिया है।

# तालिबान ने पाकिस्तानी टैंक और चेकपोस्ट पर कर लिया कब्जा

## बौखलाई मुनीर सेना,फाइटर जेट से बमबारी,8 सैनिकों को मारा

**इस्लामाबाद/काबुल (एजेंसी)।** अफगानिस्तान की तालिबान सेना के ताबड़तोड़ हमलों के बाद पाकिस्तान के जनरल बौखला गए हैं। जमीनी युद्ध में हारने के बाद अब पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के खिलाफ फाइटर जेट का इस्तेमाल शुरू कर दिया है। पाकिस्तानी वायु सेना के लड़ाकू विमानों ने बुधवार को अफगानिस्तान के स्पिन बोल्डक इलाके में हवाई हमला किया है। स्थानीय रिपोर्टों के अनुसार, ये हवाई हमले चमन सीमा के पार किए गए, जहां कम से कम तीन अफगान तालिबान चौकियों को निशाना बनाया गया। स्थानीय सूत्रों ड्रोन और हवाई हमलों की जानकारी दी है। हमले में कई लोगों की मौत की खबर सामने आ रही है। इस बीच बुधवार सुबह तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान ने पाकिस्तानी सेना पर बड़ा हमला करके 8 पाकिस्तानी सैनिकों को मार दिया है। ओरकजई के घिलजो इलाके में महमूदजई चौकी पर हुए हमले में फ्रंटियर कोर के 8 जवान मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। रिपोर्ट बताती हैं कि कुछ फ्रंटियर कोर के जवान अभी भी लापता हैं। मंगलवार रात से पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच तनाव है।



# तमिलनाडु में हिंदी पर बैन लगाने की तैयारी

## डीएमके सरकार ला रही है विधानसभा में बिल




**चेन्नई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र में हिंदी-मराठी झगड़े के शांत होने के बाद दक्षिणी राज्य तमिलनाडु में भाषा विवाद खड़ा होता दिखाई दे रहा है। तमिलनाडु में डीएमके सरकार ने हिंदी होर्डिंग्स, फिल्मों और गानों पर पाबंदी लगाने के लिए विधानसभा में बिल पेश करने की तैयारी की है। सूत्रों के हवाले जानकारी सामने आई है कि तमिलनाडु विधानसभा में एक ऐसे ही प्रावधान वाला बिल स्टालिन सरकार रखेगी। बीजेपी ने डीएमके सरकार के इस कदम को बेतुका और भ्रमित करने वाला बताया है। सूत्रों ने बताया कि तमिलनाडु सरकार आज विधानसभा में एक विधेयक पेश करने वाली है, जिसका उद्देश्य राज्य में हिंदी को लागू करने पर प्रतिबंध लगाना है। प्रस्तावित कानून पर चर्चा के लिए कल रात कानूनी विशेषज्ञों के साथ एक आपात बैठक हुई थी। मुख्यमंत्री डीएमके की अगुवाई वाली सरकार ने इस संबंध में अभी कुछ भी नहीं कहा है।

- भारत-अमेरिका तनाव के बीच वित्तमंत्री का बड़ा फैसला

# आईएमएफ की बैठक से किनारा करेंगी निर्मला सीतारमण

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण इस सप्ताह वॉशिंगटन में होने वाली अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक की वार्षिक बैठकों में शामिल नहीं होंगी। सूत्रों के अनुसार, यह निर्णय ऐसे समय में लिया गया है जब भारत और अमेरिका के बीच व्यापार और रूस से तेल खरीद को लेकर तनातनी जारी है। इस उच्चस्तरीय बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व अब वित्त मंत्रालय की आर्थिक मामलों की सचिव अनुराधा ठाकुर करेंगी। उनके साथ भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा और मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंथा नागेश्वरन भी शामिल होंगे। सीतारमण की अनुपस्थिति उस पृष्ठभूमि में खास मानी जा रही है जब ट्रंप प्रशासन ने भारतीय वस्तुओं पर 50 फीसदी तक का शुल्क लगा दिया है, जिसमें रूस से तेल खरीद को लेकर 25 फीसदी का अतिरिक्त जुर्माना भी शामिल है। भारतीय प्रतिनिधिमंडल इस दौरान ब्रिक्स, जी-20 और जी-24 समूह की बैठकों में हिस्सा लेगा। ये सभी मंच वैश्विक अर्थव्यवस्था और विकासशील देशों की वित्तीय स्थिरता पर केंद्रित हैं।



# बड़े समझौते पर हो गए हैं साइन, बौखलाएगा 'ड्रैगन'

- चीन के पड़ोसी देश की सेना को ट्रेन्ड करेगा भारत, पीएम ने बताया ऐतिहासिक

## कहा- हमारे संबंध केवल कूटनीतिक नहीं,बल्कि आध्यात्मिक और आत्मीय बंधन हैं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और मंगोलिया के बीच रक्षा सहयोग को नई ऊंचाइयों पर ले जाने वाला एक ऐतिहासिक समझौता मंगलवार को साइन हो गया। इस समझौते के तहत भारत मंगोलिया की सेना को विशेष प्रशिक्षण प्रदान करेगा, जिसमें आधुनिक युद्ध रणनीतियां, संयुक्त राष्ट्र शांति मिशनों के लिए तैयारी और साइबर सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र शामिल हैं।

यह कदम न केवल दोनों देशों के बीच सैन्य साझेदारी को मजबूत करेगा, बल्कि चीन जैसे क्षेत्रीय शक्तियों को भी रणनीतिक संदेश देगा। ऐसा माना जा रहा है कि यह समझौता 'नोमैडिक एलीफेंट' नामक द्विपक्षीय सैन्य अभ्यास के 18वें संस्करण के बाद विकसित हुआ है,



जो जून 2025 में मंगोलिया की राजधानी उलानबातर में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को मंगोलिया के राष्ट्रपति हुरेलसुख उखना के साथ संयुक्त प्रेस वार्ता में भारत-मंगोलिया संबंधों को नई दिशा देने वाली कई अहम घोषणाएं कीं। इस दौरान उन्होंने मंगोलिया की सीमा सुरक्षा बलों के लिए एक नया क्षमता-विकास कार्यक्रम शुरू करने की घोषणा की।

### मंगोलिया के विकास में भारत भरोसेमंद साझेदार

पीएम मोदी और मंगोलिया के राष्ट्रपति हुरेलसुख उखना ने मंगलवार को विभिन्न मुद्दों पर बातचीत की। बातचीत के दौरान मंगोलिया से भारत को यूरेनियम की संभावित आपूर्ति और द्विपक्षीय रक्षा संबंधों को बढ़ावा देने के कदमों पर चर्चा की गई। मोदी और उखना की बातचीत के बाद दोनों देशों ने डिजिटल समाधान, खनिज संसाधनों की खोज और त्वरित प्रभाव परियोजनाओं जैसे प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग के लिए 10 समझौतों पर हस्ताक्षर किए। दोनों नेताओं की बातचीत के प्रमुख विषयों में मंगोलिया में भारत की सहायता से 1.7 अरब अमेरिकी डॉलर की तेल रिफाइनरी परियोजना तथा दोनों देशों के बीच समग्र ऊर्जा संबंधों को बढ़ाने के तरीके शामिल थे। उखना चार दिवसीय भारत यात्रा पर सोमवार को नई दिल्ली पहुंचे थे।

# वोट के लिए फ्री वाइफ तक बांट देंगे सीएम स्टालिन

- एआईएडीएमके सांसद के बिगड़े बोल, दिया विवादित बयान

**चेन्नई (एजेंसी)।** तमिलनाडु में विपक्षी पार्टी एआईएडीएमके के नेता और राज्यसभा सांसद सीवी षणमुगम की एक विवादित टिप्पणी के चलते काफी आलोचना हो रही है। दरअसल पार्टी की एक बूथ कमेटी मीटिंग में बोलते हुए षणमुगम ने कहा कि, स्टालिन सरकार का फ्री चीजें बांटने का इतिहास रहा है। चुनाव नजदीक आ रहे हैं, तो वे (स्टालिन) लैपटॉप, मिनी बस, मिक्सी, ग्राइंडर के अलावा अब शायद फ्री वाइफ भी बांट सकते हैं। इस टिप्पणी की सत्ताधारी डीएमके ने कड़ी निंदा की है। पार्टी ने षणमुगम पर महिलाओं को अश्लील के रूप में दिखाने का आरोप लगाया। तमिलनाडु की समाज कल्याण मंत्री पी गीता जीवन ने इस टिप्पणी की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि षणमुगम ने महिलाओं की तुलना मुफ्त चीजों से करके उनका अपमान किया है। वे इंसान कहने के लायक नहीं हैं। वीडियो में सांसद ने क्या कहा... षणमुगम का जो वीडियो सामने आया है, वह कितना पुराना है। इसकी जानकारी सामने नहीं आई है। जब हमारी सरकार थी हमने बिना मांगे 2,500 रुपये बांटे थे।



# पांच दिन पहले खरीदी गई बस बनी धधकता ताबूत

## जैसलमेर अग्निकांड में अब तक 21 लोगों की मौत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राजस्थान के जैसलमेर-जोधपुर हाईवे पर मंगलवार दोपहर एक दिल दहलाने वाला हादसा हुआ, जब एक नई प्राइवेट बस में आग लगने से 21 यात्रियों की जिंदा जलकर मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, बस में 57 यात्री सवार थे। ये बस जैसलमेर से जोधपुर जा रही थी। हादसे की प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट को आग का कारण माना जा रहा है। इस दुखद घटना ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है। बस महज पांच दिन पहले खरीदी गई थी और दोपहर 3 बजे जैसलमेर से रवाना हुई थी। हाईवे पर अचानक बस के पिछले हिस्से से धुआं उठने लगा। चालक ने तुरंत बस को सड़क किनारे रोका, लेकिन देखते ही देखते आग ने पूरे वाहन को अपनी चपेट में ले लिया। स्थानीय लोग और राहगीर बचाव के लिए दौड़े, लेकिन आग की तीव्रता के आगे वे बेबस रहे। आग की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड और पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों ने भी बचाव में सहयोग किया। जिला प्रशासन ने तुरंत राहत कार्य शुरू किए।



### मृतकों की पहचान के लिए होगा डीएनए टेस्ट

जिला कलेक्टर ने बताया कि बस पूरी तरह जलकर खाक हो गई, और कई शव इतने जल गए कि उनकी पहचान असंभव है। जोधपुर से डीएनए और फोरेंसिक टीमें मौके पर पहुंची हैं। कलेक्टर ने कहा, मृतकों की पहचान डीएनए टेस्ट के जरिए होगी, जैसा कि अहमदाबाद विमान हादसे में किया गया था। इसके बाद ही शव परिजनों को सौंपे जाएंगे। हादसे की गंभीरता को देखते हुए राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा मंगलवार रात जैसलमेर पहुंचे और जले हुए बस का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रभावित परिवारों के प्रति संवेदना जताई और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हादसे पर गहरा दुख जताया। पीएमओ के एक एक्स पोस्ट में उन्होंने कहा, जैसलमेर, राजस्थान में हुए हादसे में जानमाल के नुकसान से व्यथित हूं। मेरी संवेदनाएं प्रभावित लोगों और उनके परिवारों के साथ हैं। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। उन्होंने मृतकों के परिजनों के लिए पीएमएनआरएफ से 2 लाख रुपये और घायलों के लिए 50,000 रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा की।

# पंचायत चुनाव से पहले मेरठ में सपा ने चला गुर्जर कार्ड!

## योगी की टेंशन बढ़ाएगा अखिलेश यादव का 'तुरुप का इक्का'

**मेरठ (एजेंसी)।** पश्चिमी यूपी की सियासत में एक बार फिर जातीय समीकरणों की बिसात बिछाई जा रही है। पंचायत चुनाव से ठीक पहले समाजवादी पार्टी (सपा) ने बड़ा दांव चलते हुए गुर्जर समाज को साधने की रणनीति पर जोर दिया है। पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अब पश्चिम की राजनीति में गुर्जर कार्ड चलते हुए, भाजपा के मजबूत सामाजिक आधार को चुनौती दी है। मेरठ जिले में जाट समाज के विपिन चौधरी की जगह, गुर्जर नेता कर्मवीर गूमी को जिलाध्यक्ष बनाकर सपा ने एक तरह से तुरुप का इक्का चल दिया है। 2024 के लोकसभा चुनाव में सपा ने पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक (पीडीए) समीकरण पर काम किया था, जो कई क्षेत्रों में कारगर साबित हुआ। अब पार्टी वही खेल करेगी।



# महाराष्ट्र के बाद जम्मू-कश्मीर में भी हो गया इंडिया में 'खेला'

- गठबंधन में दरार,कांग्रेस ने नेशनल कांफ्रेंस को थमा दिया अल्टीमेटम

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जम्मू और कश्मीर में नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस गठबंधन में पहले से ही जारी मतभेद के बाद इसकी दरार और चौड़ी होती नजर आ रही है। कांग्रेस वहां पर मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला की पार्टी से राज्यसभा की एक सेफ सीट चाहती थी। लेकिन, उसने ऐसा नहीं किया। केंद्र शासित प्रदेश में राज्यसभा चुनावों के बाद विधानसभा की दो सीटों पर उपचुनाव भी होने हैं। अब कांग्रेस कह रही है कि नेशनल कांफ्रेंस या तो एक सीट उसे दे या फिर वह दोनों सीटों पर चुनाव लड़ सकती है। कांग्रेस का कहना है कि बहुत हो गया, अब और नहीं। जम्मू और कश्मीर में दो सीटों बडगाम और नगरोटा में 11 नवंबर को मतदान होना है।



# 2040 तक मानव को चांद पर ले जाएगा भारत

- 2027 में लॉन्च होगा स्वदेशी मानव स्पेस मिशन 'गगनयान'
- इसरो चीफ नारायणन ने बताया मिशन लांच करने का प्लान

**रांची (एजेंसी)।** इसरो चीफ वी. नारायणन ने बुधवार को कहा कि भारत ने 2040 तक अपने नागरिकों को चंद्रमा पर उतारने का टारगेट तय किया है। वहीं, भारत का पहला मानव स्पेस मिशन 'गगनयान' 2027 में लॉन्च होना है। नारायणन ने बताया कि इसरो 2035 तक भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन की स्थापना और 2026 तक तीन बिना मानव वाले गगनयान मिशन लॉन्च करने पर काम कर रहा है। इनमें से पहला मिशन, जिसमें अर्ध-मानव रोबोट 'व्योममित्रा' शामिल होगा, दिसंबर 2025 में लॉन्च किया जाएगा। नारायणन रांची स्थित बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, मेसरा के 35वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे।



### भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन 2035 तक

इसरो प्रमुख ने बताया कि 'भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन' की स्थापना 2035 तक की जाएगी। इसके शुरुआती मॉड्यूल 2027 से ही अंतरिक्ष में स्थापित किए जा सकते हैं। उन्होंने कहा, गगनयान मिशन में प्रगति हो रही हैं। क्रू मिशन से पहले तीन बिना मानव वाले मिशनों की योजना है। व्योममित्रा इस साल दिसंबर में उड़ान भरेगी, जबकि दो और मिशन अगले साल होंगे।

### चंद्रयान-4, मंगल मिशन और एएक्सओएम

उन्होंने कहा कि भारत की आने वाली परियोजनाओं में चंद्रयान-4, चंद्रयान-5, एक नया मंगल मिशन, और एएक्सओएम (खगोल विज्ञान वेधशाला मिशन) शामिल हैं। इसरो प्रमुख ने बताया कि 'आदित्य-रु मिशन' ने अब तक 15 टेराबाइट से अधिक सौर डेटा एकत्र किया है, जिससे सौर ज्वालाओं और अंतरिक्ष मौसम पर मूल्यवान जानकारी मिली है।

# भारत रत्न: डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम जी की जयंती सपा के कार्यालय पर मनाई गई

द डेस्प्रिंग

**गोरखपुर/संजय कुमार ।** 'मिसाइल मैन' के नाम से विख्यात भारत के महान वैज्ञानिक, पूर्व राष्ट्रपति 'भारत रत्न' डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम जी की जयंती सपा के बेतियाहाता स्थित कार्यालय पर जिलाध्यक्ष ब्रजेश कुमार गौतम की अध्यक्षता में मनाई गई संचालन जिला महासचिव रामनाथ यादव व महानगर अध्यक्ष शब्बीर कुरैशी ने किया नेताओं व कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला जिलाध्यक्ष ब्रजेश कुमार गौतम ने कहा कि भारत के पूर्व राष्ट्रपति और मिसाइल मैन डॉ एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती है। यह दिन छात्रों को यह बताता है कि किसी भी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत, समर्पण और



सही दिशा में प्रयास करना आवश्यक है। डॉ कलाम शिक्षा के प्रबल समर्थक थे और मानते थे कि छात्रों में दुनिया में बड़ा बदलाव लाने की शक्ति है वह विज्ञान और प्रौद्योगिकी, विशेषकर मिसाइल विकास और अंतरिक्ष अनुसंधान में अपने काम के लिए जाने जाते थे, लेकिन उनमें युवाओं को पढ़ाने और प्रेरित करने का भी विशेष जुनून था। आज शिक्षा का निजिकरण होने के कारण गरीब परिवारों के बच्चों को बेहतर शिक्षा दिला पाने में भाजपा सरकार पुरी तरह असफल हो गई है।इस दौरान प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष ब्रजेश कुमार गौतम महानगर अध्यक्ष शब्बीर कुरैशी जिला महासचिव रामनाथ यादव पूर्व जिलाध्यक्ष नगीना प्रसाद साहनी रुपावती बेलदार सुरेंद्र निषाद राजेश भारती महेंद्र तिवारी बृजनाथ मौर्य मैना भाई राघवेंद्र तिवारी राजू इमरान खान भृगुनाथ निषाद सच्चिदानंद यादव जितेंद्र श्रीवास्तव रामभजन शहजादे विद्या सागर उर्फ छोटू बालेन्द्र यादव अछैवर कन्नौजिया एतकाद वारसी अनिल कुमार रामबृक्ष मौर्य आर वी यादव विक्की निषाद मोहम्मद सलीम श्रीकांत यादव अशोक पाण्डे श्यामसुंदर धन्नजय सर्वेश छविनाथ दुर्बल विशाल कुमार बबीता रिंकु आदि मौजूद रहे

# शहरी सेवा शिविर के तहत पट्टे वितरण किए

द डेस्प्रिंग

**केशोरायपाटन(मुकेश जैन)।** राज्य सरकार के आदेशानुसार पालिका क्षेत्र में शहरी सेवा शिविर शहर चलो अभियान का आयोजन किया जिसके तहत बुधवार को वार्ड नं. 22 के शिविर का आयोजन मात्रा गार्डन में किया गया। शिविर में कृषि भूमि नियमन के तहत 11, 69ए के तहत 3 एवं कच्ची बस्ती नियमन के तहत 1 आवेदन प्राप्त हुए तथा कृषि भूमि नियमन के तहत 29, कच्ची बस्ती नियमन के तहत 6. 69ए



के तहत 6 एवं नगर पालिका स्कीम के 2 कुल 43 पट्टो का वितरण नगर पालिका अध्यक्ष कन्हैयालाल कराड़, वार्ड पार्षद हरजीत केवट, भोजराज गुर्जर, भाजपा पूर्व जिला उपाध्यक्ष गणेश गुर्जर द्वारा लाभार्थियो को किया गया। एवं शिविर में 5 जन्म प्रमाण पत्र, 1 मृत्यु प्रमाण पत्र, 1 नामांतरण आदेश जारी किया गया। शहरी सेवा शिविरो के तहत गुरुवार को वार्ड नं. 23 का शिविर मात्रा गार्डन में आयोजित किया जावेगा।

# लवकुश मंदिर निर्माण के लिए हुआ भूमि पूजन

द डेस्प्रिंग

**रुदावल / रामकुमार उपाध्याय।** रुदावल कस्बे के ढंढार वाले हनुमान मंदिर पर स्थित कुशवाहा धर्मशाला परिसर में बुधवार को भगवान लवकुश मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन किया गया। मंदिर निर्माण के भूमि पूजन के लिए विधि विधान के साथ मंत्रोच्चार के साथ मंदिर निर्माण की नींव लगाकर भूमि पूजन किया गया। मंदिर निर्माण के भूमि पूजन समारोह में कुशवाहा युवा शक्ति संगठन भरतपुर के कार्यकर्ताओं और कुशवाहा समाज के लोगों ने भाग लिया। कुशवाहा समाज के प्रदेश मीडिया प्रभारी डीके कुशवाहा ने बताया कि यह मंदिर भरतपुर संभाग का पहला लवकुश मंदिर होगा, जो सामूहिक रूप से कुशवाहा समाज द्वारा बनाया जा रहा है। इस भूमि पूजन में उपस्थित रहे कुशवाहा समाज के लोगों ने बताया कि



लवकुश मंदिर के बनने से समाज के लोगों में अत्यंत खुशी और उत्साह है। राजस्थान की पूर्ववर्ती सरकार ने कुशवाहा समाज के इतिहास और संस्कृति को बढ़ावा देने और सुरक्षित रखने के लिए लवकुश बोर्ड का गठन भी किया है ।

# दिव्यांग प्रियंका को शिविर में मिली व्हील चेयर, सरकार की जन-जन की सेवा हुई साकार

द डेस्प्रिंग

**हनुमानगढ़( विनोद चौधरी)।** राज्य सरकार के सेवा पर्व पखवाड़ा के तहत बुधवार को वार्ड 19 व 20 स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय 6 जीजीआर में आयोजित शहरी सेवा शिविर दिव्यांग प्रियंका के लिए संबल लेकर आया। वार्ड 12 निवासी प्रमोद कुमार अपनी बेटी प्रियंका के साथ शिविर में पहुंचे, जहां सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग ने संयुक्त सहायता उपकरण योजना के तहत प्रियंका को तत्काल व्हील चेयर प्रदान की। व्हील चेयर पाकर प्रियंका और उनके परिजनों के चेहरे खुशी से खिल उठे। उन्होंने राज्य




सरकार और विभागीय कार्मिकों का आभार जताया। इस अवसर पर शिविर प्रभारी सुमित्रा छींपा और विभाग की कनिष्ठ लेखाकार ने प्रियंका को स्वीकृति प्रमाण पत्र व व्हील चेयर भेंट की।

# 15 दिवसीय कार्तिक मेले की तैयारियों को लेकर चर्चा



द डेस्प्रिंग

**केशोरायपाटन(मुकेश जैन) ।** 15 दिवसीय कार्तिक मेला 2025 की तैयारियों को लेकर बुधवार को नगर पालिका सभा भवन में मेला संयोजक रामनारायण मेघवाल, मेला उप संयोजक हरजीत केवट व मेला समिति एवं नगर पालिका अधिशासी अधिकारी प्रवीण शर्मा ने मेले को लेकर चर्चा की मेले से संबंधित सभी आवश्यक कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। इस दौरान निर्णय लिया गया कि मेले को भव्य और आकर्षक स्वरूप देने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे ताकि यह पर्यटन के मानचित्र पर विशेष पहचान बना सके। अधिकारियों ने निर्देश दिए कि धार्मिक भावना से जुड़े इस मेले में किसी प्रकार की लापरवाही न हो और प्रत्येक कर्मचारी को उसकी जिम्मेदारी स्पष्ट रूप से सौंपी जाए।

# क्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की हुई दर्दनाक मौत

द डेस्प्रिंग

**रुदावल /रामकुमार उपाध्याय।** 14 अक्टूबर। रुदावल-बयाना सडक मार्ग पर हनुमान मंदिर गेट के पास क्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार गांव मडौली निवासी मुकेश (40) पुत्र फगुनी जाटव अपने ताऊ के लडके बनैसिंह के साथ अपने गांव से रूदावल आया था। कस्बे में हनुमान मंदिर गेट के पास रज्जो पटेल के घर से वापिस अपने गांव जाते समय रूदावल से खेरिया मोड की ओर जा रही एक क्रेन की चपेट में आने से मुकेश जाटव की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची रूदावल थाना पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की मोर्चरी में रखबा दिया है। मृतक के शव का गुरूवार को पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

# पीजी कॉलेज द्वारा एक करियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन



द डेस्प्रिंग

**गोरखपुर / संजय कुमार ।** महात्मा गांधी पीजी कॉलेज एवं ईमैर्टिक्स लर्निंग के संयुक्त तत्वावधान में ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल महात्मा गांधी पीजी कॉलेज द्वारा एक करियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें रोजगार अवसर के विभिन्न विकल्पों का लाभ कैसे उठाएं विषय पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। कार्यक्रम मे प्राचार्य प्रोफ अनिल कुमार सिंह, डॉ आलोक रंजन , डॉ विकास सिंह, डॉ विशाल गुप्ता, प्रोफ अवनीश तथा बीकॉम और बीएससी अंतिम वर्ष के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# बरेली पुलिस ने मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को दिया सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन का मंत्र

द डेस्प्रिंग

**(अनुभव मोहन सक्सेना ब्यूरो बरेली) ।** बरेली पुलिस द्वारा मिशन शक्ति अभियान के पाँचवें चरण के अंतर्गत महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के प्रति जागरूक किया गया। कोतवाली प्रेमनगर में, उप निरीक्षक आरती चौधरी ने अपनी टीम–आरक्षी अलका और आरक्षी एकता–के साथ सिक्रेट हार्ट्स किड्स एजुकेशन स्कूल में कार्यक्रम आयोजित किया। उप निरीक्षक आरती चौधरी ने बालिकाओं व शिक्षिकाओं को हेल्पलाइन नंबर 1090 से संबंधित प्रोजेक्टर के माध्यम से लघु वीडियो दिखाई और सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं जैसे विधवा पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, सुकन्या समृद्धि



योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, और मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने वूमेन पावर लाइन-1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, महिला हेल्पलाइन-181, चाइल्ड लाइन-1098, और साइबर क्राइम हेल्प लाइन-1930 सहित अन्य हेल्पलाइन नंबरों से भी अवगत कराया, साथ ही नशा मुक्ति भारत अभियान और प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना पर भी प्रकाश डाला। इसी क्रम में, मिशन शक्ति दीदी अभियान फेज-5 के अंतर्गत, महिला थाना जनपद बरेली के विशेष दल ने राजकीय कन्या इंटर कॉलेज बरेली में जागरूकता कार्यक्रम किया। इस दल में महिला कांस्टेबल आरती बिश्नोई और महिला कांस्टेबल अनुप्रभा यादव शामिल थीं। उन्होंने प्रोजेक्टर के माध्यम से छात्राओं और अध्यापिकाओं को लघु फिल्म दिखाई। उन्होंने सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन के प्रति जागरूक करते हुए उपर्युक्त सभी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी और महिलाओं की सुरक्षा के लिए उपलब्ध विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की विस्तृत जानकारी प्रदान की।

# दीपावली त्यौहार को लेकर रामगढ़ थाना परिसर में हुई सीएलजी की बैठक आयोजित

**रामगढ़ अलवर राजस्थान अमित भारद्वाज**

द डेस्प्रिंग

**रामगढ़ अलवर ।** राजस्थान दीपावली त्यौहार को लेकर रामगढ़ थाना परिसर में उपखंड अधिकारी अनिल कुमार मीणा के द्वारा सीएलजी के सदस्यों की एक बैठक ली गई बैठक में पुलिस उपाधीक्षक सुनील शर्मा सहित रामगढ़ नगर पालिका अधिकारी जगदीश प्रसाद खीचड़ थाना प्रभारी विजेंद्र सिंह चौधरी मौजूद थे दीपावली त्यौहार को लेकर रामगढ़ कस्बा सहित आसपास के क्षेत्रों में दीपावली त्यौहार पर साफ सफाई रोशनी व्यवस्था व ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर चर्चा की गई रामगढ़ कस्बे के मुख्य स्थान पर लगे हुए सीसी कैमरो की देखरेख रेलवे स्टेशन पर लगी नगर पालिका की लाइटों की सुचारू व्यवस्था करने कई गांवों में बिक रही अवैध रूप से शराब के खिलाफ पाबंदी लगाने को लेकर चर्चा कीजिए इस मौके पर रामगढ़ समाजसेवी बाबूलाल जांगिड़ डॉक्टर सहाबुद्दीन जितेंद्र ओबेरॉय समय दिन खान महेंद्र कृष्णन पूर्व सरपंच शाहिद थाना परिसर के हरमान मीणा प्रीतम सिंह कैलाश गुर्जर श्यामलाल गिरिराज प्रसाद वरुण कुमार सहित अनेक पुलिसकर्मी मौजूद थे।

# भरतपुर दुग्ध संघ की ओर से दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया

# राज्य सरकार की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ ले- डॉक्टर आर एन जाट

द डेस्प्रिंग

**भरतपुर , ब्यूरो चीफ रविंद्र सक्सेना।** भरतपुर दुग्ध संघ द्वारा दीपावली के अवसर पर संघ की समस्त समितियां के अध्यक्ष व सचिवों के द्वारा सरस के प्रांगण में मिलन समारोह का आयोजन किया गया । इस अवसर पर संघ के प्रबंधक संचालक डॉ0 आर एन जाट द्वारा सभी उपस्थित समितियां के अध्यक्ष व सचिवों को दीपावली मिलन समारोह के अवसर पर सभी उपस्थितों को डॉ जाट , शुभकामनाएं दी और राज्य सरकार की अधिक से अधिक योजनाओं को लाभ लेकर



लाभान्वित हो । समय समय-समय पर अधिक से अधिक दुग्ध उत्पादकों को जोड़कर दुग्ध संकल्प में वृद्धि करने के साथ आरसीडीएफ राज्य सरकार की हर योजना का लाभ लें। सभी सचिवों को यह भी विश्वास दिलाया इस संघ प्रशासन जुड़े हुए दुग्ध उत्पादकों व उपभोक्ताओं की जो भी समस्या होगी उनका का

## तत्काल समाधान किया जायेगा डॉ जाट के द्वारा एक वर्ष की गतिविधियों से अवगत कराया

जनवरी 2025 से अगस्त 2025 तक की मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादन संबल योजना की ?5 लीटर के अनुदान राशि जारी कर दी है जिस पर सभी उपस्थित अध्यक्ष और सचिवों ने खुशी जाहिर की । और डॉ जाट और मुख्यमंत्री का भी आभार व्यक्त किया। अनुदान से दुग्ध उत्पादकों को आर्थिक संबल मिला है। बैठक में प्रेम सिंह जहानपुर ,रामचरण दीवली, घंनशीराम खेडली गुर्जर, अतर सिंह खेड़ली गुर्जर ,गोविंद सिंह एतमादपुर , मोरध्वज छोकडवाडा कलां, महावीर सिंह नगला खोहरी, करतार सिंह जधीना, सियाराम नैवाड़ी, हरि सिंह भैसीना, अमृत सिंह ईटखेड़ा, अनिल कटकर ,रामेश्वर हर नगर, राजपाल नगला खटका, उमेश बंगासपुरा , लखन जनुथर के साथ पूरे जिले के सचिव व अध्यक्ष कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# सेंट्रल टैगोर पब्लिक स्कूल में आयोजित टाटा निबंध लेखन प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

**सीनियर श्रेणी में प्रथम कोमल सोनी व द्वितीय गौरव सैन रहे**

**जूनियर वर्ग में प्रथम हर्षवर्धन सिंह व द्वितीय योगिता राठौड़ रहे**



द डेस्प्रिंग

**सीकर / नरेश सैन ।**सेंट्रल टैगोर पब्लिक स्कूल में टाटा समूह के तत्वावधान में एक निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने बड़ी उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता दो श्रेणियों में आयोजित की गई - जूनियर और सीनियर वर्ग। दोनों वर्गों के छात्रों ने ' आत्मनिर्भर भारत बनाने ' पर अपने विचार प्रस्तुत किए।

## सीनियर श्रेणी के विजेता

1. कोमल सोनी - प्रथम स्थान ,गौरव सैन - द्वितीय स्थान , वंदना सोनी - तृतीय स्थान

## जूनियर श्रेणी के विजेता

,हर्षवर्धन सिंह गौर - प्रथम स्थान ,योगिता राठौड़ - द्वितीय स्थान,पल्लवी सैनी - तृतीय स्थान पर रहे।

विद्यालय प्रबंधन ने सभी विजेताओं को प्रमाण पत्र और मेडल पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में विद्यालय निदेशक विष्णु दीक्षित, प्रधानाचार्या श्रीमती सुमन दीक्षित सहित विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

# श्रीकृष्ण-सुदामा मिलन का कारुणिक प्रसंग सुनाते हुए श्वेतिमा माधव प्रिया की वाणी से छलक उठी भक्ति और

# सप्तम दिवस की कथा विश्राम पर श्रद्धालु हुए भाव-विह्वल

## पूर्णाहुति के हवन से गुंज उठा रामा बाबा धाम, बहने लगे प्रेमाश्रु

द डेस्प्रिंग

**बांसगांव (गोरखपुर)/संजय कुमार ।** रामा बाबा ब्रह्मस्थान की पावन भूमि रविवार को ऐसी अध्यात्मिक विभा में नहाई कि हर हृदय भक्ति के सागर में डूब गया। सप्ताहव्यापी संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा महापुराण के सप्तम दिवस एवं कथा विश्राम पर, विश्व की सबसे कम आयु की



अंतरराष्ट्रीय बाल व्यास कुमारी श्वेतिमा माधव प्रिया ने श्रीकृष्ण-सुदामा मिलन और भगवान श्रीकृष्ण के निजलोक गमन का इतना कारुणिक और आत्मस्पर्शी वर्णन किया कि उपस्थित जनसमूह की आंखें अश्रु-सिंचित हो उठीं। जब श्वेतिमा के कोमल कंठ से सुदामा की निर्धनता, भूख और नंगे पांवों में कांटे चुभते हुए द्वारका तक की यात्रा का वर्णन हुआ – तो वातावरण मौन हो गया। और जब बाल व्यास ने सुदामा के स्वागत में श्रीकृष्ण के चरणों में झुकने का भाव भरा प्रसंग सुनाया, तब हर श्रोता का हृदय प्रेम और विनम्रता से भर उठा।

## उनकी मधुर वाणी से निकले शब्द जैसे सीधे आत्मा को स्पर्श कर रहे हों

**सच्चा प्रेम न रूप देखता है, न वैभव।**
**सच्चा प्रेम तो केवल हृदय की सरलता और समर्पण से उपजता है।"**

जैसे-जैसे कथा अपने निजलोक गमन के प्रसंग की ओर बढ़ी, श्वेतिमा की आँखों की नमी ने भी मानो संपूर्ण वातावरण को भिगो दिया। भक्तों की रुलाई और मंत्रों की गूंज एक साथ उठी – भक्ति और विरह का अद्भुत संगम देखने को मिला। कथा विश्राम के उपरांत वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य पूर्णाहुति का हवन संपन्न हुआ। श्रद्धालुओं ने हृदय में श्रीकृष्ण के प्रति प्रेमाश्रु समेटे, अग्नि में आहुति अर्पित की। पूरा परिसर देवत्व की आभा से आलोकित हो उठा। इस अवसर पर संत डॉ. सौरभ पांडेय, डॉ. रागिनी पांडेय, मुख्य यजमान श्री दरोगा सिंह व श्रीमती ऊषा सिंह, नायब तहसीलदार जीवेंद्र त्रिपाठी, आचार्य गौरव पांडेय, डॉ. विनय श्रीवास्तव, पुजारी विकास मिश्रा (सर्वकार), विनोद सिंह, बाल भक्त सौराष्ट्र, बंटी चंद, वीर बहादुर सिंह, राम मिलन सिंह सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# करधनी थाना पुलिस की बड़ी सफलता भीलवाड़ा लूटकांड में वांछित रू.5000 का इनामी अपराधी जयपुर से दबोचा

## जयपुर पश्चिम के थाना करधनी पुलिस ने मंगलवार को एक बड़ी कार्रवाई करते हुए भीलवाड़ा जिले में लूट के मामले में वांछित रू.5000 के इनामी अपराधी को गिरफ्तार

द डेस्प्रिंग

पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम श्री हनुमान प्रसाद ने बताया कि पुलिस मुख्यालय, जयपुर के दिशा-निर्देशों के तहत स्थाई वारंटियों, उद्घोषित अपराधियों और इनामी अपराधियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थानाधिकारी श्री सवाई सिंह (पु.नि.) के निर्देशन में एक स्पेशल टीम गठित की गई थी।

### सूचना और कार्रवाई

मुखबिर से मिली पुख्ता सूचना के आधार पर पुलिस टीम को पता चला कि थाना रायला, जिला भीलवाड़ा के मुकदमा नंबर 52/2024 (धारा 328, 412, 414, 34, 395 आईपीसी) में वांछित इनामी अपराधी हेमन्त सिंह पुत्र रघुवीर सिंह (राजपूत, उम्र 32 वर्ष) वर्तमान में फ्लैट नं. 101, एम.के. रेजीडेंसी, गणेश नगर-22, गोकुलपुरा, थाना



करधनी में किरायेदार के रूप में रह रहा है। सूचना की पुष्टि होने पर कानि. बाबूलाल (नं.9017), कानि. गजानन्द (नं.9581) व टीम मौके पर पहुंची और बताए गए हुलिए के व्यक्ति को हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम हेमन्त सिंह पुत्र रघुवीर सिंह निवासी मकान नं. 9, रतनी विहार, गोविंदपुरा, थाना करधनी, जयपुर बताया।
अभियुक्त को धारा 170 बीएनएसएस के तहत विधिवत गिरफ्तार किया गया।

### इनामी राशि और पृष्ठभूमि

गिरफ्तार अभियुक्त पर जिला पुलिस अधीक्षक, भीलवाड़ा द्वारा रू.5000 का इनाम घोषित था। वह लंबे समय से फरार चल रहा था और लूट से जुड़े गंभीर अपराध में वांछित था।

### कार्रवाई में शामिल पुलिस टीम

1.श्री चमनलाल - उप निरीक्षक, थाना करधनी
2.श्री अजेन्द्र सिंह - हेड कानि. 9017
3.श्री बाबूलाल - कानि. 9017 (अहम भूमिका)
4.श्री गजानन्द - कानि. 9581
5. श्री राजकिरण - कानि. 10087
6. श्री मुकेश गोरा - कानि. 11279

जयपुर पश्चिम क्षेत्र में अपराधियों के खिलाफ चल रहे अभियान को यह एक महत्वपूर्ण सफलता माना जा रहा है। पुलिस द्वारा गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय में पेश कर आगे की कानूनी कार्यवाही की जा रही है।

# लिटिल स्केचर्स प्री स्कूल एवं स्केचर्स एकेडमी में धूमधाम से मनाया गया दीपावली उत्सव




द डेस्प्रिंग

**पाली ।** तालाब रोड, रामनगर स्थित लिटिल स्केचर्स प्री स्कूल एवं स्केचर्स एकेडमी में बुधवार को दीपावली उत्सव बड़े हर्षोल्लास और उल्लासपूर्ण माहौल में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के निदेशक भावेश सोनी एवं रवीन्द्र सोनी ने माता लक्ष्मी की आराधना और दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया। इस अवसर पर दोनों निदेशकों ने बच्चों को दीपावली के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व के बारे में बताया। उत्सव के दौरान बच्चों ने रंग-बिरंगे परिधानों में गीत, नृत्य और नाट्य प्रस्तुतियाँ देकर सभी का मन मोह लिया। विशेष आकर्षण रहा राम-सीता की कहानी पर आधारित अभिनय, जिसमें नन्हे कलाकारों ने अपने सुंदर अभिनय से उपस्थित जनों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यालय परिसर दीपों की रोशनी और बच्चों की मुस्कुराहटों से जगमगा उठा। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधन की ओर से विद्यार्थियों को दीपक और चॉकलेट वितरित किए गए। बच्चों ने पारंपरिक खेलों और सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेकर दीपावली का उत्सव आनंद और उमंग के साथ मनाया।

# उपखंड अधिकारी तहसीलदार साहब केम्प प्रभारी ग्रामीण सेवा शिविर कोसे लाव में 70 वर्ष पुराना रास्ता खुलवाया

द डेस्प्रिंग

**नगराज वैष्णव ।** आज दिनांक 15/10/2025 को कोसे लाव में कुआं से घुमड़ा बेरा तक कम से कम डेढ़ किलोमीटर का रास्ता खुलवाया उपखण्ड अधिकारी श्री कालुराम कुम्हार, श्रीमान तहसीलदार साहब सुमेरपुर श्री दिनेश आचार्य व केम्प प्रभारी श्री जितेन्द्र बबेरवाल ग्रामीण सेवा शिविर केम्प कोसेलाव के आदेश की पालना में ग्राम कोसेलाव के खसरा नम्बर 489 रास्ता की भुमि (जो लगभग 70 वर्षो से बन्द था )जिसको मौके पर पटवारी हल्का



कोसेलाव रमेश सीरवी द्वारा सीमांकन कर रास्ता को अतिक्रमण मुक्त कर बन्द रास्ते को आपसी समझाइस द्वारा खुलवाया गया । इस मौके पर श्री भेराराम माली ,इन्दरराज सीरवी, शेषाराम माली, राजाराम घांची, पुखराज, हनुमान माराज, मगाराम , मंगलाराम आदि उपस्थित रहे ।

# विद्या भारती राजस्थान क्षेत्र मे विज्ञान पत्र वाचन में आदर्श विद्या मन्दिर माध्यमिक रानी के आचार्य गोविन्द राम मेघवाल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया

द डेस्प्रिंग

**रानी / नगराज वैष्णव।** विद्या भारती राजस्थान क्षेत्र का गणित व विज्ञान मेला सूरतगढ में आयोजित हुआ जिसमें आदर्श विद्या मन्दिर माध्यमिक रानी के आचार्य गोविन्द राम ने विज्ञान पत्र वाचन में राजस्थान क्षेत्र मे प्रथम स्थान व आचार्य मदन लाल ने गणित पत्र वाचन में द्वितीय स्थान प्राप्त किया / प्रधानाचार्य गोविन्द वैष्णव , गोविन्द सिंह राठौड़ ,भरत कुमार, सुरेन्द्र सिंह, गणेश राम , ओमपाल सिंह , विकास गहलोत, रुबल कुमार सहित विद्या मन्दिर परिवार ने बधाई दी/




# धन्वंतरि जयंती सप्ताह कार्यक्रम का आगाज



द डेस्प्रिंग

**सीकर/ नरेश सैन ।** धन्वन्तरी जयंती सप्ताह कार्यक्रम के तहत विश्व आयुर्वेद परिषद शाखा सीकर एवं राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय सीकर के संयुक्त तत्वाधान में कच्ची बस्ती राणी सती सीकर में स्वास्थ्य का शिविर आयोजन किया गया । विश्व आयुर्वेद परिषद सीकर विभाग संयोजक डॉ. जितेन्द्र कुमार वर्मा ने बताया कि डॉ. राजेन्द्र प्रसाद जिला आयुर्वेद चिकित्सालय के प्रधान चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रेमलता पाण्डेय ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की तथा अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कच्ची बस्ति की महिलाको पुरुषों एवं बालकों को अपने जीवन में स्वस्थ जीवन शैली अपनाने का आहवान किया एवं बच्चों को स्वर्णप्राशन पिलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। डा. ममता ताखर असि. प्रोफेसर बालरोग विभाग राजकीय आयुर्वेद महाविधालय सीकर ने बच्चो का स्वास्थ्य परीक्षण किया एवं दिनचर्या का पालन करने से होने वाले लाभ बताए । डॉ. लक्ष्मी महला स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ ने महिलाओं के स्वास्थ्य संबंधी स्वास्थ्य परीक्षण किया एवं महिलाओं के स्वास्थ्य सम्बन्धी व्याख्यान दिया। इस कार्यक्रम में बच्चों को स्वर्णप्राशन करवाया गया एवं गर्भवती महिलाओं को औषधियां वितरित की गयी एवं व्यक्तिगत -सामुदायिक स्वच्छता एवं स्वास्थ्य पर जोर दिया गया। डॉ वर्मा ने बताया कि धन्वन्तरी जयन्ती सप्ताह कार्यक्रम में दिनांक 18/10/25 को कार्यक्रम में डां राजेन्द्र प्रसाद जिला आयुर्वेद चिकित्सालय, सीकर में निशुल्क बाल एवं महिला स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जायेगा ।

# राजस्थान में गुलाबी सर्दी बरकरार, नागौर की सबसे ठंडी रात

## बीकानेर संभाग, शेखावाटी में सर्द हवाओं का असर; दीपावली तक ऐसा ही रहेगा मौसम

द डेस्प्रिंग

उत्तरी हवाओं के कारण राजस्थान में गुलाबी सर्दी बरकरार है। कल भी राज्य के 15 से ज्यादा शहरों में तापमान 20 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज हुआ। शेखावाटी के सीकर, चूरू, झुंझुनूं के अलावा बीकानेर संभाग के शहरों में रात में हल्की सर्द हवाओं का प्रभाव रहा। कल सबसे ज्यादा सर्द रात नागौर में रही, जहां का न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज हुआ। मौसम केन्द्र जयपुर ने राज्य में अगले कुछ दिन इसी तरह का मौसम रहने की संभावना है। पिछले 24 घंटे के दौरान राजस्थान के शहरों में मौसम साफ रहा और दिन में धूप रही।

# दीपावली पर्व पर देवस्थान विभाग द्वारा मंदिरों में विशेष धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारी

द डेस्प्रिंग

**हनुमानगढ़( विनोद चौधरी) ।**राजस्थान के देवस्थान विभाग द्वारा दीपावली पर्व के पावन अवसर पर राज्यभर के सभी मंदिरों एवं प्रन्यास मंदिरों में विशेष धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन की व्यापक तैयारी की जा रही है। यह आयोजन "पंचपर्वा दीपावली" के अंतर्गत संपन्न होंगे, जिनका उद्देश्य मंदिरों में स्वच्छता, श्रद्धा और सांस्कृतिक सौंदर्य का समन्वय स्थापित करना है। सहायक आयुक्त ओमप्रकाश ने बताया कि विभाग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार दीपावली से पूर्व सभी मंदिर परिसरों में स्वच्छता एवं सज्जा अभियान चलाया जाएगा। मंदिरों के आंतरिक व बाहरी प्रांगण की सफाई, दीवारों की धुलाई तथा पुष्पमालाओं व दीपों से सजावट की जाएगी। इसके साथ ही रंगोली निर्माण प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी, जिसमें स्थानीय कलाकारों व श्रद्धालुओं की सहभागिता रहेगी। मंदिरों को दीपों एवं विद्युत लाइटिंग से आलोकित किया जाएगा, जिससे वातावरण ज्योतिर्मय बने। श्रद्धालुओं की सहभागिता से सामूहिक दीप प्रज्वलन (दीपोत्सव) आयोजित किया जाएगा, जो 'एक दीप सबके लिए' का संदेश देगा। दीपावली की रात्रि को विशेष महा आरती एवं भक्ति संध्या का आयोजन होगा, जिसमें भक्ति संगीत, कीर्तन और सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी जाएंगी। इस अवसर पर देवप्रतिमाओं को विशेष महा भोग अर्पित किया जाएगा तथा श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया जाएगा। पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ इस वर्ष मिट्टी से निर्मित गणेश एवं लक्ष्मी प्रतिमाओं के पूजन को विशेष रूप से प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त गोवर्धन पूजा (अन्नकूट महोत्सव) के अंतर्गत भगवान श्रीकृष्ण को विभिन्न व्यंजनों से बने अन्नकूट का भोग अर्पित किया जाएगा। देवस्थान विभाग द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि सभी मंदिरों में श्रद्धालुओं के लिए आवश्यक सुविधाएँ, सुरक्षा एवं भीड़ प्रबंधन की समुचित व्यवस्था रहे। विभागीय अधिकारी इन तैयारियों की सतत निगरानी कर रहे हैं, ताकि यह पर्व श्रद्धा, स्वच्छता और सौहार्द के साथ संपन्न हो सके।

# सुजानगढ़ में एसजी मार्ट का भव्य शुभारंभ

## पहले दिन उमड़ी भारी भीड़



द डेस्प्रिंग

**सुजानगढ़।** शहर के अब तक के सबसे बड़े मेगा मार्केट "एसजी मार्ट" का बुधवार को भव्य शुभारंभ हुआ। उद्घाटन मीरण धाम के संत मुक्तिनाथ महाराज ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर रतनगढ़ विधायक पूसाराम गोदारा, सुजानगढ़ विधायक मनोज मेघवाल, और नगर परिषद सभापति नीलोफर गौरी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।उद्घाटन के बाद पहले ही दिन मार्ट में भारी भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों ने ग्रोसरी, कपड़े, बर्तन, पूजा सामग्री, इलेक्ट्रॉनिक आइटम सहित विभिन्न वस्तुओं की जमकर खरीदारी की।कार्यक्रम में उपसभापति अमित मारोठिया, गोपालपुरा सरपंच सविता राठी, सिकंदर खिलजी, इदरीश गौरी, रामावतार मंगलहारा, बजरंग सेन, कन्हैयालाल माली सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।आए हुए अतिथियों का स्वागत एसजी मार्ट के भूराराम चौधरी, धर्माराम चौधरी, अमित गावड़े एवं रावल शर्मा ने किया।

# रानी नगर पालिका वार्ड 20 मे दारू आबकारी गोदाम के पास वाली गली मे ठेकेदार बिना कंकरीट के रोड बना दिया उसको जेसीबी से तोडा

द डेस्प्रिंग

**रानी ।** नगर पालिका ने आज वार्ड 20 मे घटिया साम्रगी से रोड बनाया ! पार्षद सुनील बैरवा ने रोड चेक किया तो सीर्फ रैती से रोड बना रहे थे । रोड मे कंकरीट डाली हि नही ! लोगो ने पार्षद सुनिल बैरवा को बुलाया ओर बताया तब पार्षद साहब ने तुरन्त रानी ई यो साहब सुदर्शन जांगू तथा जे ई एन के एम शर्मा को बुलाया रोड की सामग्री चेक की 130 फिट तक रोड घटिया साम्रगी का पाया गया, जे ई एन कभी रोड को नही देखता कितना बना है , कैसा बना है , निर्माण साम्रगी कैसी है ! कोई चेक करने वाला नही ! जनता जागरूक थी उसने पार्षद तथा पूर्व प्रतिपक्ष नेता सुनिल बैरवा बुलाकर रोक की जॉच की ! खराब रोड खुदवाकर ! वापस नया बन वाया ! जागरूक पार्षद सुनिल बैरवा को आमजनता ने खुब प्रशंसा की



# अकाल अकेडमी में शहीद दिवस को समर्पित महान अमृत संचार का आयोजित

द डेस्प्रिंग

**गजसिंहपुर.(परमजीत सोनी) ।** गजसिंहपुर .मंगलवार को गुरु तेग बहादुर साहिब जी, भाई मती दास जी, भाई सती दास जी, भाई दयाला जी के 350वें शहीदी पर्व और गुरु गोबिंद सिंह जी के गुरगद्दी दिवस को समर्पित अकाल अकेडमी 31बीबी पदमपुर रोड मे एक महान अमृत संचार आयोजित किया गया। इस अमृत संचार में 55 श्रद्धालुओं सहित नज़दीकी 4 अकैडमियों के विद्यार्थियों, अभिभावकों और क्षेत्र की संगत ने अमृत की प्राप्ति की। पांच प्यारों साहिबान ने तख़्त श्री दमदमा



साहिब से पहुँचकर अमृत संचार की सेवा निभाई। ग्रंथी सिंह की सेवा अकाल अकैडमी के पूर्व विद्यार्थी सहजप्रीत सिंह ने निभाई। प्रिंसिपल पवनीत कौर ने संगत को बधाई देते हुए सतिगुरु जी का शुक्राना किया और अमृत की प्राप्ति करने वाली संगत से रहित में दृढ़ बने रहने की अपील की।इस अवसर पर शिरोमणि कमेटी प्रचारक भाई राम सिंह और भाई गुरसिमरन सिंह, कलगीधर ट्रस्ट बड़ू साहिब की ओर से वीर सुखदेव सिंह , वीर जसविंदर सिंह , प्रिंसिपल पवनीत कौर, भाई जबरजंग सिंह, धन्ना सिंह, गुरमीत सिंह तथा अध्यापक गण उपस्थित रहे।

# साइबर अपराध के संदेह पर पुलिस टीमों का छापा

## संदिग्ध कॉल सेंटरों पर एक साथ हुई चेकिंग, युवक युवतियों से गोपनीय पूछताछ

द डेस्प्रिंग

**सितारगंज दीपक भारद्वाज।** साइबर अपराध के संदेह पर टीम ने पुलिस के साथ मिलकर दो स्थानों पर अलग अलग एक ही वक्त में छापेमारी की। इन स्थानों पर कॉल सेंटर संचालित हो रहे थे। पुलिस की टीमें गोपनीय तरीके से मामले की जांच पड़ताल कर रही है। बुधवार को टीम प्रभारी सुंदरम शर्मा और स्थानीय कोतवाली के कोतवाल नरेश चौहान, एसएसआई विक्रम धामी महिला पुलिस अफसरों के साथ मीना बाजार स्थित दो मंजिला मकान पर पहुंचे। यहां उन्होंने कथित रूप से चल रहे कॉल सेंटर में काम करने वाले युवक, युवतियों से पूछताछ की। इसके बाद टीम के अधिकारी चौधरी मार्केट स्थित दूसरे मकान में पहुंचे यहां भी कॉल सेंटर संचालित हो रहा था। जिसकी पुलिस को सूचना मिली। दोनों स्थानों पर पुलिस और साइबर टीम बेहद गोपनीय तरीके से जांच पड़ताल कर रही है। संभवतः दोनों स्थानों पर फर्जी कॉल सेंटर संचालित हो रहे थे। सूत्रों के अनुसार पुलिस को कथित फर्जी कॉल सेंटर में साइबर अपराध, ठगी, डिजीटल अरेस्टिंग जैसे अपराध का संदेह हैं। पिछले कई घंटे से पुलिस साइबर अपराध के संबंध में संदिग्धों से पूछताछ कर रही है। पुलिस की जांच होने के बाद ही मामले से पूरी तरह पर्दा उठ सकेगा।

# दो वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार, न्यायालय के समक्ष पेश

द डेस्प्रिंग

**(अनुभव मोहन सक्सेना ब्यूरो बरेली)** थाना भुता, बरेली पुलिस ने लंबे समय से वांछित चल रहे दो वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। दोनों को विधिक कार्यवाही के लिए न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

### गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण

सूरजपाल पुत्र मोहर सिंह, निवासी बाह्मिपुर, थाना भुता, बरेली। संबंधित मामलाः माननीय न्यायालय अपर सिविल जज जूनियर डिवीजन तिलहर, जिला शाहजहाँपुर में वाद संख्या 402/22, धारा 12, 18, 19, 20, 22 घरेलू हिंसा अधिनियम से संबंधित। निर्भान सिंह पुत्र रामपाल सिंह, निवासी ग्राम वऊआ हुसैनपुर, थाना भुता, बरेली। संबंधित मामलाः माननीय न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट 4, बरेली में केस संख्या 1486/2021, भारतीय दंड संहिता की धारा 323/504 से संबंधित।

### पुलिस कार्रवाई

दिनांक 15 अक्टूबर, 2025 को उपनिरीक्षक श्री ऋषि मित्र और कांस्टेबल दीपक की टीम ने सूरजपाल को, तथा उपनिरीक्षक श्री चैनूराम राणा और कांस्टेबल हिमांशु यादव की टीम ने निर्भान सिंह को गिरफ्तार किया। पूछताछ में अभियुक्तों ने स्वीकार किया कि वे न्यायालय में नियत समय पर उपस्थित नहीं हो पाए थे। थाना भुता पुलिस द्वारा नियमानुसार विधिक कार्रवाई पूरी कर दोनों को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

## ओउमाश्रय सेवा धाम में श्रद्धांजलि व स्वस्ति यज्ञ आयोजन

# श्रीमती शारदा देवी की प्रथम पुण्यतिथि पर परिजनों ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

द डेस्प्रिंग

**जयपुर ।** ओउमाश्रय सेवा धाम में आज स्व. श्री प्रहलाद प्रसाद गुप्ता की धर्मपत्नी श्रीमती शारदा देवी की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा एवं शांति यज्ञ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्रृद्धावनत परिजनों ने प्रभुजनों के साथ मिलकर पुण्यस्मरण करते हुए शांति यज्ञ में आहुतियां अर्पित कीं तथा भोजन प्रसादी वितरण का आयोजन किया। **इस अवसर पर परिजनों** – कमलेश-गीता, कौशलेश-उर्मिला, योगेश-निशी (पुत्र-पुत्रवधू), मनीष-स्वाति, सौरभ-गुंजन (पौत्र-पौत्रवधू), सुहित, तुषार (पौत्र) एवं समस्त मित्तल परिवार (बल्लभगढ़ वाले) – ने स्वर्गीय श्रीमती शारदा देवी की स्मृति में सेवा भावना का परिचय देते हुए समाज के लिए प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया। ओउमाश्रय सेवा धाम परिवार ने श्रृद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि स्व. श्रीमती शारदा देवी का जीवन सेवा, संस्कार और सादगी का प्रतीक रहा है। इसी अवसर पर ओउमाश्रय संचालक वैक अधिकारी रहे देवेश गोयल एवं यज्ञ प्मी भजन गायक श्रीमती सीमा गोयल के पौत्र चिरंजीव रघुवीर पुत्र श्रीमती पौलमी गोयल एवं ध्रुव गोयल को जन्मदिन (16 अक्टूबर, गुरुवार) पर ओउमाश्रय परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की गईं। परिवार ने इस शुभ दिन पर स्वस्ति यज्ञ एवं प्रभुजनों के लिए भोजन प्रसादी वितरण कार्यक्रम का आयोजन कर मंगलकामनाएं व्यक्त कीं। ओउमाश्रय परिवार ने ईश्वर से प्रार्थना की कि चिरंजीव रघुवीर और ध्रुव सदैव ओजस्वी, तेजस्वी, यशस्वी, आयुष्मान और आनंदमय जीवन व्यतीत करें।







# संपादकीय

# कूटनीति बनाम मूल्यों की लड़ाई ...

भारत में महिला सशक्तीकरण की तस्वीर को सिर्फ इतने से समझा जा सकता है कि आज यहां महिलाएं अमूमन हर क्षेत्र में पुरुषों के समकक्ष खड़ी हैं। वे किसी भी जिम्मेदारी या दायित्व के मामले में बेहतरीन नतीजे दे सकती हैं। मगर चाहे-अनचाहे कई बार ऐसी घटनाएं सामने आती हैं, जिसमें महिलाओं के खिलाफ दुराग्रह आम दिखते हैं।

गौरतलब है कि अफगानिस्तान की तालिबान सरकार के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी ने अपने भारत दौरे के क्रम में नई दिल्ली में शुक्रवार को जो संवाददाता सम्मेलन किया, उससे महिला पत्रकारों को बाहर रखा गया। जिस दौर में भारत की बहुत सारी महिला पत्रकार देश-दुनिया की मुख्यधारा की पत्रकारिता में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कर रही हैं, वैसे समय में किसी देश के विदेश मंत्री से सवाल करने वालों के बीच उन्हें जगह नहीं दी जाए, तो यह न केवल सामान्य औपचारिकता के खिलाफ है, बल्कि पत्रकारिता के मोर्चे पर बेहद सक्षम रही महिलाओं को कमजोर मानने की तरह है।

यह संभव है कि किसी देश के दूतावास के परिसर के संदर्भ में जो नियम-कायदे लागू होते हैं, उसके मुताबिक मेजबान देश के दखल की एक सीमा होगी। मगर यह विचित्र है कि संवाददाता सम्मेलन से महिला पत्रकारों को बाहर रखने के मसले पर सरकार की ओर से कोई औपचारिक विरोध दर्ज नहीं किया गया।

इस मुद्दे के तूल पकड़ने के बाद भारत के विदेश मंत्रालय ने एक स्पष्टीकरण जरूर जारी किया कि इस संवाददाता सम्मेलन में उसकी कोई भूमिका नहीं थी ! सवालों से घिरने के बाद रविवार




को मुत्ताकी के एक और संवाददाता सम्मेलन में महिला पत्रकारों को भी बुलाया गया। इसे सिर्फ गलती में सुधार की कोशिश ही कहा जा सकता है !

इससे पहले के संवाददाता सम्मेलन में महिलाओं को बाहर रखने के पीछे की मानसिकता सवालों से परे नहीं हो जाती। दुनिया भर में भू-राजनीतिक तकाजों के मुताबिक रणनीतिक रूप से किसी अन्य देश के साथ संवाद और संबंध के ऐसे प्रारूप तय किए जा सकते हैं, जिससे अपने देश के हित सुनिश्चित किए जा सकें। आतंकवाद के मोर्चे पर अफगानिस्तान के साथ संवाद कायम करना भारत के हित में हो सकता है, लेकिन इस क्रम में तालिबान के वैचारिक मानदंडों या मानसिकता को जगह देना कितना सही माना जा सकता है। अफगानिस्तान में वर्ष 2021 में सत्ता में आने के बाद तालिबान की सरकार की राजनीतिक विचारधारा और सामाजिक सोच से जुड़े पूर्वाग्रह छिपे नहीं रहे हैं। खासतौर पर महिलाओं के जीवन को लेकर उसकी संकीर्णता जगजाहिर रही है। अफगानिस्तान की महिलाओं और उनके मानव अधिकारों पर चोट करने वाली तालिबान की मानसिकता पर भारत में एक ठोस विरोध रहा है। मगर तमाम प्रगतिशील मूल्यों और अपेक्षाओं को दरकिनार करके तालिबान ने अफगानिस्तान की महिलाओं की शिक्षा और नौकरी से लेकर सार्वजनिक गतिविधियों तक को नियम-कायदे बना कर नियंत्रित किया। सवाल है कि अफगानिस्तान में अपनी वैचारिक राजनीति को मनचाहे तरीके से लागू करने वाले तालिबान को भारत में वैसा कर पाने की सुविधा कैसे मिली।

कायदे से संवाददाता सम्मेलन से महिलाओं को बाहर रखे जाने के मुद्दे पर सरकार से लेकर वहां गए पत्रकारों की ओर से भी आपत्ति उठनी चाहिए थी। महिलाओं के अधिकारों और उनके सशक्तीकरण के सवाल पर प्रगतिशील मूल्यों का वाहक रहे भारत में महिलाओं को दोयम समझने वाले किसी संकीर्ण मानदंडों की जगह नहीं होनी चाहिए।

## क्या कानून से ज्यादा ताकतवर हैं जालसाज?



डिजिटल प्रौद्योगिकी हमारे जीवन को आसान और कुशल बनाती है। इससे संचार, शिक्षा, बैंकिंग और स्वास्थ्य सहित कई सेवाएं बेहतर हो जाती हैं। निस्संदेह यह तकनीक आज के समय की जरूरत बन गई है। मगर निजी और व्यावसायिक स्तर पर इसका जितना महत्त्व है, बिना व्यापक जानकारी के इसका इस्तेमाल उतना ही खतरनाक साबित हो सकता है। इस आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल अब आपराधिक गतिविधियों में भी धड़ल्ले से होने लगा है। इसी तरह के एक मामले में महाराष्ट्र के अमरावती में उपभोक्ता अदालत से सेवानिवृत्त न्यायाधीश को साइबर जालसाजों ने 'डिजिटल अरेस्ट' कर उनसे इकतीस लाख रुपए ठग लिए। हालांकि, इस तरह की यह कोई पहली घटना नहीं है, इससे पहले भी ऐसे कई मामले देश भर में सामने आ चुके हैं। मगर सवाल है कि इन घटनाओं से शासन-प्रशासन और डिजिटल तकनीक से जुड़े लोग क्या सबक ले रहे हैं? क्या इस तरह के अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए विभिन्न स्तरों पर कोई ठोस उपाय किए गए हैं? दरअसल, 'डिजिटल अरेस्ट' का मतलब है कि जब साइबर जालसाज किसी व्यक्ति को आनलाइन माध्यम से डराते-धमकाते हैं और उसे तब तक एक स्थान पर ही रहने को मजबूर कर देते हैं, जब तक कि वह मुंह मांगी रकम नहीं दे देता। ऐसे में सबसे पहले यह जरूरी है कि डिजिटल तकनीक का इस्तेमाल करने वाले लोग ज्यादा से ज्यादा जागरूक हों। ताजा आंकड़ों के मुताबिक, देश में इंटरनेट उपयोगकर्ताओं की संख्या सौ करोड़ तक पहुंच गई है। मगर, सवाल है कि इनमें से कितने लोग ऐसे होंगे, जो डिजिटल तकनीक की जटिलताओं और इसके संभावित खतरों को जानते-समझते हैं? आए दिन सामने आ रहे साइबर अपराधों की तस्वीर से साफ है कि ऐसे लोगों की संख्या बेहद कम है। अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि अगर शिक्षित एवं उच्च पदों पर रहे लोग भी साइबर ठगी का शिकार हो रहे हैं, तो डिजिटल तकनीक के मामले में आम लोगों के साथ क्या स्थिति होगी। सरकार की भी यह जिम्मेदारी बनती है कि किसी नई तकनीक को लेकर जनता के बीच व्यापक जागरूकता लाई जाए। साथ ही, तकनीक के दुरुपयोग को रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं।

## आज का कार्टून




# वैज्ञानिकों ने खोजा शरीर का 'मास्टर स्विच'...

पिछले कुछ वर्षों से जो नोबेल सम्मान घोषित हो रहे हैं, उनमें इस समय मानव जाति के कल्याण को प्रोत्साहित करने वाला चिकित्सा का नोबेल पुरस्कार है। इस बार अमेरिका और जापान के वैज्ञानिकों के नाम 'मेडिसिन' के लिए इस सम्मान की घोषणा हुई। उनके नाम हैं मैरी ई ब्रांको, फ्रैड रैंच डेल और शिमोन साकागुची। इन विद्वान वैज्ञानिकों ने न केवल इंसान के 'इम्यून सिस्टम' यानी रोग प्रतिरक्षा तंत्र को बढ़ाने के मामले में शोध किया है, बल्कि मनुष्य के अंदर प्रतिरक्षा तंत्र से जूझने वाली शत्रु कोशिकाओं को भी बेअसर किया और बाहर से इंसान के प्रतिरक्षा तंत्र पर कोई हमला न कर दे, इसके लिए 'मास्टर स्विच' भी खोजा है। इन तीनों वैज्ञानिकों का मुख्य शोध या अध्ययन कैंसर और मधुमेह में रहा और वे इसमें नए शोध को सामने लाने का प्रयास भी कर रहे हैं। इस युगांतकारी विश्लेषण को आसान शब्दों में समझने के लिए हम कह सकते हैं कि खास तरह की कोशिका प्रतिरक्षा तंत्र को इंसानी शरीर को अपने अंदर तलाश करना होता है और अगर गलती से कोई कोशिका इस तंत्र की ताकत को समझ न पाने के कारण उस पर हमला कर दे, तो वे उसे रोक सकते हैं।

**सुरेश सेठ**

अपने भीतर रोगों से बचाव की क्षमता बढ़ाने की चाह कौन नहीं करता? जहां तक भारत का सवाल है, तो यहां देश के कोने-कोने में लोगों को असाध्य रोगों से बचाने के लिए क्षमता विकसित करने के ऐसे प्रयास किए गए कि वह स्वास्थ्य के एक ढांचे के रूप में वास्तविक हितकारी साबित होने के बजाय नेताओं के लिए प्रचार पाने के ही काम आए। फिर भी चिकित्सा के क्षेत्र में हमारा देश किसी से कम नहीं है, लेकिन यह भी तथ्य है कि देश के निर्धन लोगों के लिए बीमार हो जाने पर उनका जीना मुहाल हो जाता है।

सरकार ने केंद्रीय और राज्य स्तर पर बहुत-सी मुफ्त उपचार बीमा योजनाएं भी शुरू कर रखी हैं। वृद्धों को भी उनकी बीमारियों की स्थिति में संरक्षण दिया जा रहा है। वरिष्ठ नागरिक स्वास्थ्य बीमा योजना भी शुरू की जा चुकी है। इससे इतर, पंजाब सरकार ने भी ऐसी चिकित्सा बीमा योजना राज्य के हर परिवार के लिए घोषित कर रखी है। हालांकि देश में जहां वरिष्ठ नागरिकों के लिए योजना के तहत पांच लाख रुपए की राशि तय की गई है, वहीं पंजाब में इसे दस लाख रुपए तक रखा गया है।

जब इस तरह की योजनाएं घोषित होने के बाद लागू होती हैं, तो आम आदमी खुश हो जाता है। उसे लगता है कि निजी क्षेत्र में चलाए जाने वाले बड़े अस्पतालों के भारी-भरकम बिल से उसे छुटकारा मिल जाएगा। वह अपने आप को ऐसा भाग्यवान नागरिक मान सकता है, जिसे कभी कोई रोग लग जाए, तो उसके निदान और उपचार का दायित्व सरकार के ऊपर रहेगा। संबंधित स्वास्थ्य कार्ड दिखाते ही मुफ्त इलाज हो जाएगा। लेकिन जमीनी हकीकत कुछ अलग है।

अब भी सार्वजनिक क्षेत्र में चलने वाले सरकारी अस्पताल या पंजाब में चलाए गए मोहल्ला क्लिनिक बेहतर उपचार का वचन तो देते हैं, लेकिन बहुत बार ऐसे वचन पूरे होते नजर नहीं आते। दरअसल, निजी अस्पतालों का कहना है कि जब वे स्वास्थ्य कार्ड वाले मरीजों का उपचार करते हैं, तो सरकार की ओर से तुरंत भुगतान नहीं किया जाता। इसलिए कई बार निजी अस्पताल मरीजों को दाखिल करने से इनकार कर देते हैं।

कभी तपेदिक यानी टीबी से लोग बहुत डरते थे। इसे जानलेवा समझकर किसी आरोग्य आश्रम में रहने लगते थे। अब यह रोग नियंत्रित हो गया है। बिल्कुल यही हाल डेंगू बुखार का भी हो गया है। कोरोना ने दो साल तक मानव जाति को जिस प्रकार आर्थिक और सामाजिक संकट में डाला, उसे भी कोई भूल नहीं सकता। इस संदर्भ में देखें तो किसी भी नए मौलिक या उपयोगी काम के लिए सबसे बड़ा पुरस्कार नोबेल सम्मान को माना जाता है।

पिछले कुछ वर्षों से जो नोबेल सम्मान घोषित हो रहे हैं, उनमें इस समय मानव जाति के कल्याण को प्रोत्साहित करने वाला चिकित्सा का नोबेल पुरस्कार है। इस बार अमेरिका और जापान के वैज्ञानिकों के नाम 'मेडिसिन' के लिए इस सम्मान की घोषणा हुई। उनके नाम हैं मैरी ई ब्रांको, फ्रैड रैंच डेल और शिमोन साकागुची। इन विद्वान वैज्ञानिकों ने न केवल इंसान के 'इम्यून सिस्टम' यानी रोग प्रतिरक्षा तंत्र को बढ़ाने के



मामले में शोध किया है, बल्कि मनुष्य के अंदर प्रतिरक्षा तंत्र से जूझने वाली शत्रु कोशिकाओं को भी बेअसर किया और बाहर से इंसान के प्रतिरक्षा तंत्र पर कोई हमला न कर दे, इसके लिए 'मास्टर स्विच' भी खोजा है।

इन तीनों वैज्ञानिकों का मुख्य शोध या अध्ययन कैंसर और मधुमेह में रहा और वे इसमें नए शोध को सामने लाने का प्रयास भी कर रहे हैं। इस युगांतकारी विश्लेषण को आसान शब्दों में समझने के लिए हम कह सकते हैं कि खास तरह की कोशिका प्रतिरक्षा तंत्र को इंसानी शरीर को अपने अंदर तलाश करना होता है और अगर गलती से कोई कोशिका इस तंत्र की ताकत को समझ न पाने के कारण उस पर हमला कर दे, तो वे उसे रोक सकते हैं। यानी ये खोज बताती है कि हमारे शरीर का प्रतिरक्षा तंत्र और उसकी प्रतिक्रिया कैसे नियंत्रित होती है। साथ ही, कहां यह प्रणाली गड़बड़ हो जाती है और अपने मूल प्रतिरक्षा तंत्र तक कैसे पहुंचा जा सकता है।

यानी यह इलाज का एक नया तरीका है। इसे एक क्रांतिकारी बदलाव भी कह सकते हैं। यह रोग प्रतिरक्षा प्रणाली हमारे शरीर में हजारों किस्म के जीवाणुओं को घुसने से रोकती है। ये जीवाणु मानव कोशिकाओं जैसे होते हैं और यह समझना मुश्किल हो जाता है कि शरीर में हजारों कोशिकाओं में से कौन शरीर का बचाव करेगा और कौन शरीर का दुश्मन बन जाएगा। यों यह प्रतिरक्षा तंत्र को बड़ी सुरक्षा है, जो बाहर से आने वाले रोगों, विषाणु या जीवाणु को रोकता है, मारता है। लेकिन गड़बड़ यह है कि कई बार ये 'सुरक्षा सेना' अपने ही शरीर के छिपे विषाणुओं को पहचान नहीं पाती।

अब पुरस्कार प्राप्त तीनों वैज्ञानिकों की भूमिका पर गौर किया जाए, तो सन् 1995 में शिमोन साकागुची ने शरीर में मौजूद 'शांति रक्षक सैनिक' यानी सुरक्षा कोशिकाओं की तलाश की। इन कोशिकाओं का ताल्लुक लड़ाई शुरू करना नहीं, बल्कि अन्य हमलावर कोशिकाओं को रोकना है।

यह भी देखना है कि ये कोशिकाएं रास्ता भटककर अपने ही शरीर की हानि न पहुंचा दें। यह एक स्थापित ज्ञान को चुनौती थी, क्योंकि प्रायः उपचार विशेषज्ञ यह समझते थे कि जो प्रतिरक्षा तंत्र हमारे शरीर में है, वह हमेशा लाभदायक होता है और उससे संक्रमण का कोई डर नहीं है, बल्कि यह बाहर से होने वाले संक्रमण से बचाता है। इसका अर्थ यह है कि इन तीनों वैज्ञानिकों ने और विशेषकर शिमोन साकागुची ने यह बताया कि हर शरीर में एक सहन करने वाली ताकत भी बन जाती है। यह केंद्रीय सहन करने वाली ताकत है।

यह खोज बहुत समय से हो रही थी। वर्ष 2001 में इसके लिए एक 'मास्टर कवच' खोजा गया, जिसने पाया कि प्रतिरक्षा प्रणाली अगर बेकाबू हो जाए तो अपने ही शरीर को नुकसान पहुंचाने लगती है। अगर यह अनियंत्रित रहे तो इंसानी शरीर में 'आइपैक्स सिंड्रोम' भी पैदा हो सकता है। इन तीनों वैज्ञानिकों का शोध बहुत मूल्यवान है, क्योंकि इसके जरिए बड़ी तेजी से बीमारियों की जड़ तक पहुंचा जा सकता है और इलाज के नए तरीके भी विकसित किए जा सकते हैं।

इस समय इन 'टी सेल' के दो सौ चिकित्सीय परीक्षण चल रहे हैं। इसके निष्कर्ष आने में अभी वक्त है, लेकिन ये परीक्षण निश्चित रूप से इस प्रतिरक्षा प्रणाली की उपादेयता के हक में होंगे। मगर कैंसर की कोशिकाएं जैसी कुछ असाध्य बीमारियां, जो आजकल आदमी को मौत का संदेश लगती हैं, उन्हें 'रेगुलेटरी टी सेल' पहचानने और खत्म करने में भूमिका निभा सकते हैं। एक और बड़ी चुनौती तब आती है, जब अंग प्रत्यारोपण करना पड़ता है। जैसे घुटनों को बदलना या गुर्दा और यकृत के दानकर्ताओं से दान लेकर रोगी व्यक्ति को लगाना।


चिंता की बात यह है कि प्रत्यारोपित गुर्दा या यकृत कई बार नए शरीर को स्वीकारने से इनकार कर देता है। अब अगला कदम इन चिकित्सा विशेषज्ञों का यह है कि अगर ऐसे अंगों का प्रत्यारोपण होता है, तो वह शरीर के साथ पूरी तरह सहज हो जाए। इस तरह, खून या अंगों के न मिलने को विज्ञान की यह प्रगति सहज और सुलभ बना सकती है।

# धौंस-धमकान की नीति ट्रंप के लिए होगी आत्मघाती

अमेरिका ने जिस तरह से व्यापार समझौतों को दरकिनार कर टैरिफ वार और तरह तरह के अवरोध खड़े करने के प्रयास किये हैं उनका असर अंततोगत्वा अमेरिकी इकोनोमी पर भी पड़नी ही है। लगता है ट्रंप अमेरिका को आत्मघाती गोल की तरफ ले जा रहा है। दुनिया के देशों को वैश्विक ग्राम की परिकल्पना को ही आगे बढ़ाना होगा। आज दुनिया और दुनिया के देश कहां खड़े है यह कोरोना काल में सबको पता चल चुका है। इसके साथ ही जिस तरह से युद्ध और वैश्विक अशांति के चलते पलायन का दौर चला है उसका खामियाजा फ्रांस सहित योरोपीय देश भुगतने लगे हैं। ऐसे में समय रहते नीतियों मे बदलाव जरुरी हो जाता है।

**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

धमकाने और धौंस की नीति पर चल रहे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपनी झूठी चौधराहट और खनिजों के चक्कर में लगता है दुनिया के देशों में अमेरिकी विरोधियों की बड़ी फौज ही तैयार करते जा रहे हैं। शांति के नोबल पुरस्कार का ट्रंप का सपना धरा का धरा ही रह गया है और अब 30 प्रतिशत टैरिफ के अतिरिक्त 100 प्रतिषत और यानी कि 130 प्रतिशत टैरिफ लगाकर चीन के खिलाफ भी आर्थिक क्षेत्र में खुली जंग ही छेड़ दी है। कनाडा को अमेरिका का नया राज्य बनाने और रुस यूक्रेन युद्ध के पीछे के अमेरिकी एजेंडे को आज दुनिया क देश समझ ही चुके हैं। पाकिस्तान के सेनाध्यक्ष के साथ डिनर के माध्यम से अमेरिका के गिरते स्तर को दुनिया क देश देख ही चुके हैं। भारत जैसे देश से पंगा लेना सबके सामने हैं। पाकिस्तान पर भी खनिजों के चक्कर में डोरे ड़ाले जा रहे हैं। देखा जाए तो ट्रंप का रवैया जिस तरह का दूसरी बार सत्ता संभालने के बाद देखने को मिल रहा है वह गली मौहल्ले के गुंडे मवाली जैसा ही दिखाई देने लगा है। दुनिया के देशों को धमकाना जैसे ट्रंप का काम ही हो गया हो। दुनिया के देशों में युद्ध समाप्त कराने का झूठा तमगा पहनने के प्रयास और शांति के नोबल पुरस्कार के लिए नोबल संस्था तक को धमकाने के



कुत्सित प्रयास से ट्रंप स्वयं और अमेरिका दोनों की ही हेठी कराने में कोई कमी नहीं छोड़ रहे हैं।

चीन से पहले भारत पर भी 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने और वीजा नियमों में बदलाव से अपने ही पांवों में ठोकर मारी है। हालांकि भारत किसी भी तरह के ट्रंप के दबाव में नहीं आया और सबसे बड़ी तोहिन तो यह रही कि भारत ने इस पर प्रतिक्रिया तक व्यक्त करने की जेहमत नहीं उठाई जिसके कारण अमेरिका का तमतमाना लाजिमी भी हो जाता है। अमेरिका ने भारत पर सौ प्रतिशत टैरिफ लगाने के बाद सोचा था कि भारत घुटनों के बल आ जाएगा पर हुआ इसका उल्टा ही और भारत ने नये बाजार की संभावनाएं तलाशना आरंभ कर दिया। आर्थिक विश्लेषकों का मानना है कि अब चीन पर अमेरिकी टैरिफ वार का लगता है भारत पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा और भारत की निर्यात की संभावनाओं को पर लगने के अधिक आसार हो जाएंगे। स्वाभाविक है चीन के उत्पाद महंगे हो जाएंगे और भारतीय उत्पाद कपड़ा, हैण्डिक्राफ्ट, खिलौने आदि आदि तुलनात्मक रुप से सस्ते होंगे तो भारतीय उत्पादों की मांग कम होने के स्थान पर बढ़ेंगी ही। जानकारों का मानना है कि अमेरिकी टैरिफ वार अमेरिका पर ही उल्टा पड़ना है। आज अमेरिका भारतीय प्रतिभाओं का लाभ उठा रहा है पर नए वीजा नियमों और विदेशियों को पलायन करने के बाध्यकारी आदेशों से अमेरिका आने वाले समय में शून्यता की और ही बढ़ेगा। लगता तो यहां तक है कि आने वाले समय में अमेरिका विदेशी प्रतिभाओं से शून्य हो जाएगा और अमेरिकी प्रतिभाओं को आगे आना इतना आसान भी नहीं होगा। इधर ट्रप के व्यवहार के चलते श्वेत-अश्वेत की खाई चौड़ी होती जा रही है। बीसवीं सदी के अंत में दुनिया के देशों में विश्वग्राम का सपना देखा था, इस दिशा में दुनिया के देश आगे भी बढ़े थे और फिर संचार क्रान्ति ने तो दुनिया के देषों को लगभग विश्वग्राम बना ही दिया पर जिस तरह के हालात ट्रंप जैसे अति महत्वाकांक्षी द्वारा उठाये जा रहे हैं, उससे विश्वग्राम का सपना बीच राह में ही टूटता नजर आने लगा है। एक दूसरे के सहयोग और समन्वय की बात तो ट्रंप ने भुला ही दी है। फिर सबकों एक ही लकड़ी से हांकने की नीति भी आत्मघाती बनती जा रही है। अमेरिका को समझना यह होगा कि आज आप किसी पर टैरिफ का दबाव बढ़ाते हो तो अन्य देशों के लिए राह आसान कर रहे हो। हो यह रहा है कि टैरिफ की मार का सबसे नकारात्मक प्रभाव अमेरिका पर ही पड़ना है। एक तरफ अमेरिका की जरुरतों को पूरा करने में जुटे विदेशी देषों के उत्पाद महंगे होंगे तो दूसरी और अमेरिकी इकोनोमी पर भी निश्चित रुप से विपरीत प्रभाव पड़ना ही है। आज दूसरे देशों के प्रति निर्भरता बढ़ी है और ऐसे में आगे बढ़ने के लिए दो मोर्चों पर जुटना पड़ता है। पहले तो यह कि दूसरे देशों में आ रहे बदलावों, तकनीक आदि को समझना और फिर उस तकनीक को अपनी जरुरत के अनुसार अपने देश में विकसित करना। अमेरिका दरअसल दूसरों की अर्थव्यवस्था को प्रभावित करना चाहता है पर वह यह भूल रहा है कि इकोनोमी एक दूसरे की सहायता से आगे बढ़ती हैं। देसी-विदेशी मांग को बढ़ाना ही होता है। स्थानीय के साथ ही विदेशों में भी बाजार खोजना होता है। ऐसे में बड़े बड़े व्यापार समझौते देशों के बीच होते हैं। अमेरिका ने जिस तरह से व्यापार समझौतों को दरकिनार कर टैरिफ वार और तरह तरह के अवरोध खड़े करने के प्रयास किये हैं उनका असर अंततोगत्वा अमेरिकी इकोनोमी पर भी पड़ना ही है। लगता है ट्रंप अमेरिका को आत्मघाती गोल की तरफ ले जा रहा है। दुनिया के देशों को वैश्विक ग्राम की परिकल्पना को ही आगे बढ़ाना होगा। आज दुनिया और दुनिया के देश कहां खड़े हैं यह कोरोना काल में सबको पता चल चुका है। इसके साथ ही जिस तरह से युद्ध और वैश्विक अशांति के चलते पलायन का दौर चला है उसका खामियाजा फ्रांस सहित योरोपीय देश भुगतने लगे हैं। ऐसे में समय रहते नीतियों मे बदलाव जरुरी हो जाता है। जिस तरह से तकनीक ने एक दूसरे को नजदीक लाने का प्रयास किया है उसे आगे बढ़ाना वैश्विक नेताओं का दायित्व हो जाता है। आज एकला चालो रे की नीति से आगे बढ़ने और कुछ पाने की कल्पना करना बेमानी होगा, यह देर सबेर समझना ही होगा।

# रुक्मणि देवी कृषि महाविद्यालय सरावली में दो दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर सम्पन्न

## आत्मनिर्भर भारत के संकल्प से गूंजा परिसर

द डेस्प्रिंग



**मंडावर/रिपोर्टर/मनोज खंडेलवाल ।** रुक्मणि देवी कृषि महाविद्यालय सरावली में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तत्वावधान में दो दिवसीय विशेष शिविर का समापन राष्ट्रगान की गूंज के साथ हुआ। 14 से 15 अक्टूबर 2025 तक चले इस शिविर ने न केवल परिसर को सेवा और अनुशासन की भावना से भर दिया, बल्कि आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को नई ऊर्जा भी दी। शिविर का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन और पुष्पांजलि के साथ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन महाविद्यालय निदेशक एवं डीन पदम गोयल तथा एनएसएस संचालक ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने समाजसेवा को जीवन का अभिन्न अंग मानते हुए ग्रामीण विकास, स्वच्छता और जागरूकता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। दो दिवसीय शिविर के दौरान स्वयंसेवकों ने सरावली और आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाकर स्वच्छ पर्यावरण का संदेश दिया। नशा मुक्ति पर निकाली गई जनजागरूकता रैली ने युवाओं को बुराइयों से दूर रहने का आह्वान किया। वहीं योग विशेषज्ञों की देखरेख में आयोजित योग सत्र ने स्वास्थ्य, अनुशासन और संतुलित जीवन के महत्व को रेखांकित किया। समापन सत्र में निदेशक पदम गोयल ने स्वयंसेवकों के उत्साह और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षित युवा जब सेवा को जीवन का धर्म बना ले, तब आत्मनिर्भर भारत का स्वप्न साकार होना निश्चित है। उन्होंने कहा कि एनएसएस केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि राष्ट्रनिर्माण की सशक्त प्रयोगशाला है, जहाँ युवा अपनी ऊर्जा को समाजहित में लगाना सीखते हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त शिक्षकगण, एनएसएस प्रभारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। शिविर के दो दिनों ने परिसर ही नहीं बल्कि आस-पास के ग्रामीण परिवेश में भी जनचेतना की नई लहर पैदा की, जिसने इसे सामाजिक परिवर्तन का जीवंत उदाहरण बना दिया।

### पटाखों की बिक्री के लिए तीन स्थान किए चिन्हित

# सितारगंज में इंटर कालेज मैदान, शक्तिफार्म में टैगोर नगर और नानकमत्ता में नहर के पास

## बिना लाइसेंस के पटाखे बेचने वाले लोगों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी

द डेस्प्रिंग



**सितारगंज(दीपक भारद्वाज) ।** दिपावली पर पटाखों की बिक्री के लिए प्रशासन ने सितारगंज में तीन जगह को चिन्हित किया है। इस संबंध में एसडीएम रविंद्र जुवांठा ने व्यापार मंडल, ईओ, अग्निशमन अधिकारी और पुलिस प्रशासन के लोगों के साथ बैठक की। बुधवार को एसडीएम कार्यालय में आयोजित बैठक की अध्यक्षता एसडीएम रविंद्र जुवांठा ने की। उन्होंने लोगों से दीपावली त्योहार को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की। बताया कि सितारगंज में इंटर कालेज मैदान, शक्तिफार्म में टैगोर नगर और नानकमत्ता में नहर के पास तीन जगह को पटाखें की दुकान लगाने के लिए चिन्हित किया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि बिना लाइसेंस के पटाखे बेचने वाले लोगों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि पटाखों की दुकानों पर किसी भी तरह से ज्वलंत प्रदार्थ न रखा जाए तथा किसी भी प्रकार से अप्रिय घटना न होने पाए। उन्होंने कहा कि संकरी गलियों एवं तंग स्थानों पर पटाखों की दुकानों न लगाई जाए, जहां फायर सर्विस का वाहन न जा सकें। उन्होंने कहा कि पटाखों की दुकानों को निर्धारित किए गए मानकों के अनुसार ही संचालित करने की निर्देश दिए। बैठक में व्यापार मंडल अध्यक्ष उमेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष दीपेंद्र सिंघल, एसआई ललित चौधरी, खोखा एवं यूनियन अध्यक्ष नीरू गुप्ता, केसर सिंह, कशिश अरोड़ा, ईओ प्रतिभा कोहली, अग्निशमन अधिकारी दुर्गा सिंह भंडारी, पटवारी अनंत शर्मा सहित अन्य उपस्थित रहें।

# माधव विश्वविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर विक्रम सुथार का दूसरा पेटेंट पंजीकृत

द डेस्प्रिंग



**आबूरोड ।** माधव विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग विभाग के सहायक प्रोफेसर विक्रम सुथार को उनके नवाचार "कंक्रीट स्ट्रक्चर इंटीग्रिटी स्कैनर" के लिए भारत सरकार के पेटेंट कार्यालय द्वारा डिज़ाइन पेटेंट प्रदान किया गया है। यह उपलब्धि संरचनात्मक सुरक्षा जांच के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण योगदान मानी जा रही है। यह स्कैनर विशेष रूप से पुरानी कंक्रीट संरचनाओं जैसे पुल, इमारतें और फ्लाईओवर की आंतरिक स्थिति का बिना किसी तोड़फोड़ के विश्लेषण करने में सक्षम है। नॉन-डिस्ट्रक्टिव टेस्टिंग तकनीक पर आधारित यह उपकरण कंक्रीट के भीतर मौजूद दरारों, खाली जगहों, जंग लगी सरियों, नमी और अन्य कमजोरियों का सटीक पता लगाकर इंजीनियरों को तेज़, सुरक्षित और किफायती समाधान प्रदान करेगा। सुथार का यह दूसरा पेटेंट है। उनका पहला पेटेंट "ब्रिज हेल्थ एंड वाइब्रेशन मॉनिटरिंग डिवाइस" शीर्षक से पंजीकृत हो चुका है। इस उपलब्धि पर माधव विश्वविद्यालय परिवार ने प्रसन्नता व्यक्त की है। चांसलर हिम्मत सिंह देवल, प्रेसिडेंट डॉ. राजीव माथुर, रजिस्ट्रार डॉ. भावेश कुमावत तथा विभाग के अन्य संकाय सदस्यों ने उन्हें हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# विधायक राजेंद्र ने उकरूंद में क्रिकेट प्रतियोगिता का किया शुभारंभ।

## बल्ले की पहली शॉट से गूंजा मैदान, युवाओं में दौड़ी नई ऊर्जा

द डेस्प्रिंग



**महवा /मनोज खंडेलवाल।** ग्रामीण युवाओं के उत्साह और खेल भावना को नई दिशा देते हुए महवा विधायक राजेंद्र मीणा ने बुधवार को ग्राम पंचायत उकरूंद में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ किया। विधायक मीणा ने पारंपरिक रूप से फीता काटकर और बल्ला थामकर पहला शॉट लगाते ही खेल मैदान में जोश और रोमांच का माहौल पैदा कर दिया। करीब 52 बीघा में फैले विशाल मैदान में दर्शकों की तालियों की गूंज से उद्घाटन समारोह जीवंत हो उठा। विधायक मीणा ने खिलाड़ियों व ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि अनुशासन, समर्पण और टीम भावना का परिचायक हैं। उन्होंने युवाओं से हार-जीत से ऊपर उठकर नित्य अभ्यास, दृढ़ इच्छाशक्ति और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। विधायक ने कहा कि खेलों से समाज में भाईचारा, सौहार्द और एकता की भावना सशक्त होती है, जो ग्रामीण जीवन को मजबूती प्रदान करती है। प्रतियोगिता के सफल आयोजन पर मीणा ने आयोजक मंडल की सराहना करते हुए खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा ?31,000 का आर्थिक सहयोग भी प्रदान किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार और जनप्रतिनिधि स्तर पर ऐसे आयोजनों को निरंतर प्रोत्साहन दिया जाएगा, ताकि ग्रामीण प्रतिभाओं को न केवल पहचान मिले बल्कि वे बड़े मंचों तक पहुँच सकें। कार्यक्रम के दौरान सैकड़ों की संख्या में उपस्थित दर्शकों ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। उद्घाटन के क्षणों में मैदान तालियों की गूंज से सराबोर रहा।

### पटाखों की बिक्री के लिए तीन स्थान किए चिन्हित

## सितारगंज में इंटर कालेज मैदान, शक्तिफार्म में टैगोर नगर और नानकमत्ता में नहर के पास

बिना लाइसेंस के पटाखे बेचने वाले लोगों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी



द डेस्प्रिंग

**सितारगंज(दीपक भारद्वाज) ।** दिपावली पर पटाखों की बिक्री के लिए प्रशासन ने सितारगंज में तीन जगह को चिन्हित किया है। इस संबंध में एसडीएम रविंद्र जुवांठा ने व्यापार मंडल, ईओ, अग्निशमन अधिकारी और पुलिस प्रशासन के लोगों के साथ बैठक की। बुधवार को एसडीएम कार्यालय में आयोजित बैठक की अध्यक्षता एसडीएम रविंद्र जुवांठा ने की। उन्होंने लोगों से दीपावली त्योहार को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की। बताया कि सितारगंज में इंटर कालेज मैदान, शक्तिफार्म में टैगोर नगर और नानकमत्ता में नहर के पास तीन जगह को पटाखें की दुकान लगाने के लिए चिन्हित किया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि बिना लाइसेंस के पटाखे बेचने वाले लोगों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि पटाखों की दुकानों पर किसी भी तरह से ज्वलंत प्रदार्थ न रखा जाए तथा किसी भी प्रकार से अप्रिय घटना न होने पाए। उन्होंने कहा कि संकरी गलियों एवं तंग स्थानों पर पटाखों की दुकानों न लगाई जाए, जहां फायर सर्विस का वाहन न जा सकें। उन्होंने कहा कि पटाखों की दुकानों को निर्धारित किए गए मानकों के अनुसार ही संचालित करने की निर्देश दिए। बैठक में व्यापार मंडल अध्यक्ष उमेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष दीपेंद्र सिंघल, एसआई ललित चौधरी, खोखा एवं यूनियन अध्यक्ष नीरू गुप्ता, केसर सिंह, कशिश अरोड़ा, ईओ प्रतिभा कोहली, अग्निशमन अधिकारी दुर्गा सिंह भंडारी, पटवारी अनंत शर्मा सहित अन्य उपस्थित रहें।

# 6th इंडिपेंडेंस ताइकांडो चैंपियनशिप 2025



द डेस्प्रिंग

**जयपुर ।** एसएमएस स्टेडियम जयपुर में किया गया इस प्रतियोगिता में कुल 800 बच्चों ने भाग लिया टूर्नामेंट आयोजक आर्यन मार्शल आर्ट्स अकादमी प्रतियोगिता में खालसा ताइक्कांडो अकादमी जयपुर के बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन पर अकादमी के कोच दलबीर सिंह जी ने बच्चों को शुभकमनाये दी और इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया, प्रतियोगिता में अकादमी के पोरस सोनी ,कुशाग्र मटोलिया वे आयुष चौधरी, वै काश्विन चौधरी ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया वे वंश शर्मा, हिमांशु सैनी,युगवीर, आरव चौधरी,शाश्वत शर्मा वे हर्षित ने रजत पदक प्राप्त किया वे रामाचार्य, रुद्र, तन्वी यादव, प्रधुमन, निहाल, नैतिक मीना, लक्ष्य शर्मा, हर्षिता कंवर, दिशांत राज सिंह ने कांस्य पदक प्राप्त किया

### धौलपुर साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन की साइबर अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही

# साइबर ठगी गिरोह के सक्रिय सदस्य शेरसिंह और दिव्यम को किया गिरफ्तार

## अभियुक्तों के खातों में पाया गया लाखों रूपये की साइबर ठगी का रिकार्ड

धौलपुर विजय श्रीवास्तव द डेस्प्रिंग न्यूज़



राजस्थान पुलिस मुख्यालय जयपुर राजस्थान के द्वारा साइबर अपराध की रीढ़ की हड्डी म्यूल खाताधारकों के विरूद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत भरतपुर महानिरीक्षक पुलिस रेंज भरतपुर कैलाश चन्द्र विश्नोई व धौलपुर पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशानुसार मनोज शर्मा आरपीएस अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धौलपुर के निकटतम सुपरविजन में वृत्ताधिकारी व प्रभारी थानाधिकारी मुनेश मीणा आरपीएस के नेतृत्व में साइबर थाना धौलपुर टीम द्वारा दिनांक 15 अक्टूबर 2025 को कार्यवाही करते हुए थाना साइबर क्राइम धौलपुर के प्रकरण संख्या 20/2025 में फरार अभियुक्त शेर शसिंह उर्फ शेरा एवं दिव्यम कुमार को गिरफ्तार किया।

**घटना विवरण-** राजस्थान पुलिस मुख्यालय जयपुर राजस्थान एवं महानिरीक्षक कार्यालय से प्राप्त म्यूल खाताधारकों की प्राप्त सूची के अवलोकन पर एक बैंक खाता 26460200002112 में पुलिस थाना UPPILIYAPURAM जिला TIRUCHIRAPALLI तमिलनाडु से 05 लाख रू की शिकायत होना पाया गया। वर्णित बैंक खाता संख्या 26460200002112 को समन्वय पोर्टल पर चैक किया गया। तो उपरोक्त बैंक खाते में शिकायत संख्या 31910250187849 पालघर महाराष्ट्र से शिकायत संख्या 30210250015662 पुलिस थाना KAKI-NADA II TOWN çजला KAKI-NADA आन्ध्रप्रदेश से एवं पुलिस थाना कोतवाली विदिशा जिला विदिशा मध्यप्रदेश से शिकायत संख्या 22110250032656 होना पाया गया। उपरोक्त शिकायतों में वर्णित बैंक खाते में कुल 7 लाख 15 हजार रूपये की फ्रांड राशि आना पाया गया। जिस पर त्वरित कार्यवाही करते हुए बैंक खाते की केवाईसी प्राप्त की गई। जिसका शेरसिंह उर्फ शेरा पुत्र रूपसिंह जाति जाटव उम्र 35 साल निवासी पंजूपुरा थाना कंचनपुर का होना पाया गया। जिस पर उपरोक्त बैंक खाते के खाताधारक के विरूद्ध प्रकरण दर्ज कर त्वरित कार्यवाही करते हुए खाताधारक शेरसिंह एवं लोगों के बैंक खाते खुलवाकर साइबर ठगों को उपलब्ध कराने वाले दिव्यम कुमार पुत्र अर्जुन सिंह जाति चौहान उम्र 24 साल निवासी खुर्जा थाना खुर्जा जिला बुलन्दशहर उतरप्रदेश को गिरफ्तार किया गया। साइबर ठगी गिरोह के अन्य शेष आरोपियों को चिन्हित किया जा चुका है। जिनकी तलाश जारी है।

# माधव विश्व विद्यालय के दिव्यांग विद्यार्थियों ने प्रदर्शित की आत्मनिर्भरता, कैंडल और दीपक निर्माण में किया कमाल

द डेस्प्रिंग न्यूज़




**आबूरोड ।** माधव विश्वविद्यालय के माधव विशेष विद्यालय के दिव्यांग विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा और आत्मनिर्भरता का अनूठा परिचय देते हुए स्वयं निर्मित कैंडल और दीपक बनाकर सबका मन मोहा। विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए ये आकर्षक दीपक और कैंडल उनकी सृजनात्मकता, मेहनत और आत्मविश्वास का सुंदर उदाहरण हैं। इस विशेष गतिविधि में विद्यार्थियों ने दीपावली पर्व को ध्यान में रखते हुए रंग-बिरंगी कैंडल्स और सजावटी दीपक बनाए। हर निर्माण में उनकी लगन और कलात्मक दृष्टि झलक रही थी। यह पहल न केवल विद्यार्थियों की कलात्मक प्रतिभा को निखारने का अवसर बनी, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनने की दिशा में भी प्रेरित किया। विश्वविद्यालय के चांसलर हिम्मत सिंह देवल ने कहा कि माधव विश्वविद्यालय परिवार दिव्यांग विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु निरंतर कार्यरत है। इन विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए विश्वविद्यालय हर संभव सहयोग प्रदान कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह पहल समाज के लिए एक प्रेरक उदाहरण है। प्रेसिडेंट डॉ. राजीव माथुर ने कहा कि इन विशेष विद्यार्थियों का प्रयास सराहनीय है। उन्होंने साबित किया है कि यदि सही दिशा और प्रोत्साहन मिले, तो कोई भी व्यक्ति अपनी सीमाओं को पार कर सकता है। रजिस्ट्रार डॉ. भावेश कुमावत ने बताया कि इस आयोजन से विद्यार्थियों के आत्मविश्वास में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और यह समाज में दिव्यांगजनों के प्रति सम्मान और संवेदना बढ़ाने का सशक्त माध्यम बना है। माधव विशेष विद्यालय के प्रधानाचार्य पवन फौजदार ने कहा कि हमारे विद्यार्थियों ने यह सिद्ध कर दिया है कि शारीरिक चुनौतियाँ किसी भी व्यक्ति की क्षमता को सीमित नहीं कर सकतीं। उनका उत्साह और परिश्रम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक कृष्ण वीर, शिव प्रकाश, रविकांत शर्मा, शशि गुर्जर सहित अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

# दीपावली त्यौहार को लेकर रामगढ़ थाना परिसर में हुई सीएलजी की बैठक आयोजित

### रामगढ़ अलवर राजस्थान अमित भारद्वाज

द डेस्प्रिंग न्यूज़



**रामगढ़ अलवर।** राजस्थान दीपावली त्यौहार को लेकर रामगढ़ थाना परिसर में उपखंड अधिकारी अनिल कुमार मीणा के द्वारा सीएलजी के सदस्यों की एक बैठक ली गई बैठक में पुलिस उपाधीक्षक सुनील शर्मा सहित रामगढ़ नगर पालिका अधिकारी जगदीश प्रसाद खीचड़ थाना प्रभारी विजेंद्र सिंह चौधरी मौजूद थे दीपावली त्यौहार को लेकर रामगढ़ कस्बा सहित आसपास के क्षेत्रों में दीपावली त्यौहार पर साफ सफाई रोशनी व्यवस्था व ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर चर्चा की गई रामगढ़ कस्बे के मुख्य स्थान पर लगे हुए सीसी कैमरो की देखरेख रेलवे स्टेशन पर लगी नगर पालिका की लाइटों की सुचारू व्यवस्था करने कई गांवों में बिक रही अवैध रूप से शराब के खिलाफ पाबंदी लगाने को लेकर चर्चा कीजिए इस मौके पर रामगढ़ समाजसेवी बाबूलाल जांगिड़ डॉक्टर सहाबुद्दीन जितेंद्र ओबेरॉय समय दिन खान महेंद्र कृष्णन पूर्व सरपंच शाहिद थाना परिसर के हरमान मीणा प्रीतम सिंह कैलाश गुर्जर श्यामलाल गिरिराज प्रसाद वरुण कुमार सहित अनेक पुलिसकर्मी मौजूद थे

### नशे के लिए बदनाम इलाकों में पुलिस का ताबड़तोड़ एक्शन

# एरिया डोमिनेशन अभियान : नशीले पदार्थों को किया गया बरामद तो विभिन्न मामलों में 28 आरोपी गिरफ्तार

जवाहरनगर, घड़साना, सूरतगढ़, रायसिंहनगर, हिंदुमलकोट और पदमपुर थाना क्षेत्र में 400 पुलिसकर्मियों की टीम ने दी दबिश



द डेस्प्रिंग

**श्रीगंगानगर / इंद्रजीत रैना ।** श्रीगंगानगर में नशे के लिए बदनाम इलाको में एरिया डोमिनेशन के तहत बुधवार को विशेष अभियान चलाते हुए पुलिस द्वारा कार्यवाही को अंजाम दिया गया है। पुलिस की कार्यवाही से नशा तस्करों में हड़कंप मच गया तो वही मादक पदार्थों को बरामद किया गया।

एसपी डॉ. अमृता दुहन ने बताया कि कार्यवाही के दौरान पुलिस थाना जवाहरनगर थाना क्षेत्र में छजगरिया मौहल्ला, पुलिस थाना हिन्दुमलकोट क्षेत्र में 500 एलएनपी, सूरतगढ में रेलवे लाईन पार क्षेत्र, पदमपुर की छजगरिया बस्ती, रायसिंहनगर के वार्ड नं. 12 व 11 पीएस तथा नई मंडी घडसाना में भगत सिंह नगर में दबिश दी गई। कार्यवाही के दौरान संबंधित सर्किल ऑफिसर के नेतृत्व में उस सर्किल के सभी थानों के करीब 400 पुलिस कर्मियों के जाब्ता द्वारा कार्यवाही की गई तथा 28 आरोपी गिरफ्तार किये गए।

## जिले के 6 थाना क्षेत्रो में हुई कार्यवाही

**एसपी डॉ. दुहन ने बताया कि** नई मंडी घडसाना क्षेत्र में पुलिस ने चार जगह कार्रवाई की जिसमें धक्का बस्ती वार्ड नंबर 10 निवासी आरोपी रफीक खान(72) पुत्र सरफद्दीन को अवैध मादक पदार्थ 2.84 ग्राम चिट्टा और बिक्री राशि 60,150 के साथ गिरफ्तार किया गया। इसी तरह आरोपी अग्रेंज सिंह(21) पुत्र रणजीत सिंह निवासी वार्ड नम्बर 14, धक्का बस्ती घडसाना को 2 लीटर हथकड शराब के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी राहूल जैन(38) पुत्र प्रदीप कुमार निवासी वार्ड नम्बर 6, भगतसिंह नगर चक 24 एएससी, घडसाना को प्रतिबंधित नशीली गोलियां प्रेगबालीन के 590 कैप्सूल और टेपेंटाडोल की 618 नशीली गोलियां के साथ तथा वार्ड नं 9 घड़साना निवासी आरोपी राजकुमार(22) पुत्र मुख्तयार सिंह को प्रतिबंधित 620 प्रेगबालीन कैप्सूल्स के साथ गिरफ्तार किया गया। इन सभी आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज हुआ।

**एसपी डॉ. अमृता दुहन ने बताया कि** अभियान के तहत पुलिस थाना जवाहरनगर ने मादक पदार्थ 3 ग्राम हेरोइन के साथ आरोपिया ममता निवासी अशोक नगर बी श्रीगंगानगर को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज किया। पुलिस थाना हिन्दुमलकोट ने आरोपी छिन्द्रपाल सिंह(32) पुत्र जंगीर सिंह निवासी 500 एलएनपी को 12 लीटर अवैध हथकड शराब के साथ गिरफ्तार कर आबकारी एक्ट में मुकदमा दर्ज किया तथा करीब 10 हजार लीटर लाहन नष्ट करवाया।

## शांतिभंग के मामले में हुई गिरफ्तारियां

कार्यवाही के दौरान शांतिभंग की धारा 170 बीएनएसएस के तहत सूरतगढ़ पुलिस ने 11, रायसिंहनगर पुलिस ने 4 तथा जवाहरनगर पुलिस ने 6 गैरसायलो को गिरफ्तार किया तथा जवाहर नगर पुलिस ने स्थाई वारंटी के रूप में बिंदिया उर्फ़ भिंडी पत्नी बलदेव सिंह निवासी छजगरिया मोहल्ला श्रीगंगानगर को गिरफ्तार किया।

# चिकित्सा विभाग की कारवाई, मिलावट के संदेह पर मावा बरामद कर करवाया नष्ट

## पाली में बुधवार को चिकित्सा विभाग ने बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया

द डेस्प्रिंग

शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत सीएमएचओ डॉ. विकास मारवाल के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा टीम ने बुधवार को बीकानेर से आई निजी बसो से भारी मात्रा में मिलावटी मावा व मिठाई जब्त किया गया जप्त मावा को दोहपर के बाद नष्ट करवाया गया। प्रदेशभर में शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत मिलावट खोरो के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही को अंजाम देने के लिये आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण टी.शुभमंगला के दिशा निर्देश पर जिलें में प्रभावी कार्यवाही को अंजाम दिया जा रहा




हैं। दीपावली के त्योहार के मद्देनजर जिला कलक्टर एल.एन. मंत्री व सीएमएचओ डॉ. विकास मारवाल के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारी दिलीप सिहं यादव, सुरेश चन्द्र शर्मा ने दीपावली से पहले जिले से बाहर से आने वाली निजी बसो का औचक निरिक्षण किया। मध्यरात्रि को दो निजी बसों को पाली शहर में बांगड अस्पताल के बाहर निरिक्षण करने पर उनमें 231 टीन में करीब 4000 किलो मावा व 560 किलो ग्राम रसगुल्ले एवं 100 किलो अन्य खाद्य सामग्री जब्त कर नष्ट करवाया। इस दौरान देर रात तक चली कार्यवाही में सघन जाँच और त्वरित परीक्षण के बाद टीम ने पाया कि जब्त की गई खाद्य सामग्री मानक स्तर की नहीं पायी गयी साथ ही इस बडी कार्यवाही के दौरान जब्त माल में एफएसएसआई के



नियमों का उल्लंघन किया गया। जिसे नष्ट करवायी गयी। खाद्य सामग्री में मावा बदबूदार व स्टार्च युक्त पाया गया।

**डॉ. विकास मारवाल ने बताया कि** नष्ट की गयी खाद्य सामग्री की अनुमानित लागत लगभग 10 लाख रूपये आंकी गयी। कार्यवाही के दौरान बीकानेर से अहमदाबाद जा रही निजी ट्रेवल्स बसो का निरिक्षण क्युआरटी टीम के सुरक्षा के साथ नाकाबदी कर संघन जांच पडताल की गयी। इतनी बड़ी मात्रा में जब्त खाद्य सामग्री मावा की जानकारी प्राप्त होते ही मिलावट खोर खाद्य कारोबार कर्ता में हडकंप मच गया। इस पूरे अनुसंधान व जांच में सामने आया कि बीकानेर व अन्य जगहों से जो मावा व रसगुल्ला जिन खाद्य सामग्री स्टोरेज कंटेनर व टीन मे भरकर लाया गया था वो सभी टीन घी व तेल के पुराने व जंग लगे टीन थे।

### इन जगह पर जा रहा था मिलावटी मावा

खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुरेश चन्द्र शर्मा ने बताया की बीकानेर से जोधपुर पाली होते हुये अहमदाबाद जाने वाली निजी बसो में भारी मात्रा सुमेरपुर शिवंगज सिरोही अकंलेशवर अहमदाबाद में दिपावली त्योहार पर मिठाइयो के निर्माण में उपयोग के लिए मावा विक्रय होने जा रहा था। जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला में जांच हेतु मावा व रसगुल्ले के नमूने भेजे गये। इस बड़ी कार्यवाही के दौरान मावे मे मिलावट की प्राथमिक जांच की गयी, जिसमें मावे में मिलावटी तोर पर स्टार्च पाया गया। उन्होंने सभी खाद्य विक्रेताओं को चेतावनी दी है कि वे खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम का कड़ाई से पालन करें, अन्यथा उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### आम -जन से कि अपील

आम जनता से भी अपील की है कि वे मिठाइयाँ खरीदते समय उसकी गुणवत्ता के प्रति सजग रहें। डॉ. विकास मारवाल ने बताया की मिठाईयो में मिलावटी व दुर्गन्ध युक्त मावे के उपयोग अनेक शिकायते प्राप्त होती हैं जिस पर कार्यवाही को अजांम देने में खाद्य सुरक्षा अधिकारी दिलीप सिहं यादव, सुरेश चन्द्र शर्मा, एसआई राजेन्द्र सिहं, डीएसटी टीम के सोहनलाल जाखड, खाद्य सुरक्षा अधिकारी दल के साथ ऑपरेटर ओम प्रकाश प्रजापत, फुड सैफ्टी टैक्निशियन खुशाल चन्द सैन, रेक्सो चालक लक्ष्मणदान चारण आदि रहे।

# देशभर में बढ़ते जातीय उत्पीड़न पर उबाल अनुसूचित जाति समाज ने राष्ट्रपति से हस्तक्षेप की मांग,

## कहा- मनुवादी सोच के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएं

द डेस्प्रिंग

**सितारगंज/(दीपक भारद्वाज)** । देशभर में तेजी से बढ़ रही जातीय उत्पीड़न की घटनाओं से आक्रोशित अनुसूचित जाति समाज के लोगों ने महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी सितारगंज रविन्द्र कुमार जुवाठा सौपकर तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि देश में अनुसूचित जाति एवं जनजाति समाज पर हो रहे अत्याचार अब भयावह स्थिति में पहुंच चुके हैं, जिससे संविधान और लोकतंत्र की मूल भावना को गहरी ठेस लग रही है। समाज के लोगों ने चेतावनी दी है कि अगर ऐसे मामलों में कठोर कार्रवाई नहीं हुई तो देश की सामाजिक एकता और सद्भाव पर गंभीर असर पड़ेगा।ज्ञापन में सर्वोच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति बी.आर. गवई के विरुद्ध सोशल मीडिया पर की गई अभद्र टिप्पणी, हरियाणा कैडर के आईपीएस आईजी वाई. पूरण कुमार की जातीय उत्पीड़न से दुखी होकर की गई आत्महत्या



और उत्तर प्रदेश के रायबरेली में मजदूर हरिओम वाल्मीकि की पीट-पीटकर की गई हत्या जैसे मामलों को गिनाते हुए इन्हें राष्ट्र की आत्मा पर प्रहार बताया गया है। प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति से मांग की है कि दोषियों के विरुद्ध तत्काल कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए और भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं पर रोक के लिए ठोस नीति बनाई जाए।समाज के नेताओं ने कहा कि कुछ संगठनों द्वारा मनुवादी विचारधारा के प्रचार और संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर के विरुद्ध चलाए जा रहे दुष्प्रचार से देश में जातीय तनाव बढ़ रहा है। यह कृत्य न केवल संवैधानिक मूल्यों के खिलाफ है बल्कि राष्ट्र विरोधी साजिश के दायरे में आता है। उन्होंने मांग की कि सरकार ऐसे तत्वों पर सख्त कार्रवाई करे, जिससे देश में सौहार्द, समानता और न्याय की भावना बनी रहे।यह ज्ञापन बार एसोसिएशन सितारगंज के अध्यक्ष दयानंद सिंह, , वरिष्ठ अधिवक्ता रमेश कुमार,विजय राव, मेघनाथ, राजकुमार बाल्मीकि , हरीराम, कैलाश कुमार,राकेश कुमार,अविनाश बाल्मीकि,सतीश सहित अनुसूचित जाति समाज के प्रतिनिधियों द्वारा राष्ट्रपति को भेजा गया। सभी ने एक स्वर में कहा कि संविधान की रक्षा और सामाजिक न्याय की स्थापना के लिए अब निर्णायक कदम उठाना समय की मांग है।

# 16, 17 एवं 18 अक्टूबर को जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में आयोजित होंगे ग्रामीण सेवा शिविर

धौलपुर विजय श्रीवास्तव द डेस्प्रिंग न्यूज़

राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की मंशा के अनुसार ग्रामीणों की समस्याओं का निदान गांव में ही हो, इस बात को लेकर सरकार द्वारा ग्रामीण सेवा शिविर 2025 प्रारम्भ किये गये हैं।

**जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने बताया कि** जिले के विभिन्न उपखण्ड क्षेत्रों की विभिन्न ग्राम पंचायतों में ग्रामीण सेवा शिविर आयोजित किये जा रहे है। जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारी मौके पर रहकर आमजन की समस्याओं का निदान करेंगे। जिला कलक्टर ने समस्त उपखण्ड अधिकारियों को निर्देशित किया है कि ग्रामीण सेवा शिविर को गंभीरतापूर्वक लेकर अधिकतम समस्याओं का मौके पर ही निष्पादन किया जाये।

### इन ग्राम पंचायतों में होगा ग्रामीण सेवा शिविर का आयोजन

**उन्होंने बताया कि** 16 अक्टूबर को उपखण्ड धौलपुर की ग्राम पंचायत बसईयालालू एवं नैनोखर के नव सृजित पंचायत भवन में, उपखण्ड बाड़ी की ग्राम पंचायत बरपुरा के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में, रूंधेरा के अटल सेवा केन्द्र में, उपखण्ड बसेड़ी की ग्राम पंचायत बनौरा के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में, बोरैली के अटल सेवा केन्द्र में, उपखण्ड राजाखेड़ा की ग्राम पंचायत बसईघीयाराम के अटल सेवा केन्द्र में, उपखण्ड सैपऊ की ग्राम पंचायत मानपुर एवं बरा के अटल सेवा केन्द्र में, 17 अक्टूबर को उपखण्ड धौलपुर की ग्राम पंचायत तगावली एवं जाटौली के अटल सेवा केन्द्र में, उपखण्ड बाड़ी की ग्राम पंचायत अलीगढ़ एवं निधारा के अटल सेवा केन्द्र में, उपखण्ड बसेड़ी की ग्राम पंचायत रतनपुर के अटल सेवा केन्द्र में, उपखण्ड राजाखेड़ा की ग्राम पंचायत अनन्दापुरा के अटल सेवा केन्द्र में, मरैना के उप तहसील कार्यालय में, उपखण्ड सैपऊ की ग्राम पंचायत परौआ एवं चितौरा के अटल सेवा केन्द्र में तथा 18 अक्टूबर को उपखण्ड धौलपुर की ग्राम पंचायत भैसेना के अटल सेवा केन्द्र में, लुहारी के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नव निर्मित भवन में, उपखण्ड बाड़ी की ग्राम पंचायत नगला विधौरा एवं गढ़ी सुक्खा के अटल सेवा केन्द्र में, उपखण्ड सैपऊ की ग्राम पंचायत कनासिल एवं उमरारा के अटल सेवा केन्द्र में शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों के माध्यम से राज्य सरकार आमजन की समस्याओं का तत्काल समाधान सुनिश्चित कर उन्हें सुविधाजनक सेवाएं उपलब्ध करा रही है।

### यहां होगा शहरी सेवा शिविरों का आयोजन

शहरी सेवा शिविर-2025 के तहत आमजन से प्राप्त विभिन्न समस्याओं का एक ही स्थान पर समाधान किया जा रहा है। शहरी सेवा शिविर के अन्तर्गत नगर परिषद धौलपुर में 16 अक्टूबर को वार्ड संख्या 56, 57, 58 का एवं 17 अक्टूबर को वार्ड संख्या 59, 60 का गोविन्द वाटिका धौलपुर में शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

# राजस्थान आवासन मंडल ने पीडब्ल्यूडी से विवादित भूमि का कुछ लोगों को आवंटन कर दिया जो नियमानुसार गलत

धौलपुर विजय श्रीवास्तव द डेस्प्रिंग न्यूज़

राजस्थान आवासन मंडल धौलपुर ने पीडब्ल्यूडी से विवादित भूमि का कुछ लोगों को आवंटन कर दिया। इस विवादित भूमि पर खड़े 90 से अधिक हरे पेड़ों को काटने के लिए आवासन मंडल ने गलत तथ्य दिखाकर तहसीलदार से अनुमति प्राप्त की। इसके बाद बुधवार को जेसीबी की मदद से सभी फलदार पेड़ काट दिए गए, जिसका स्थानीय लोगों ने विरोध किया।

**स्थानीय निवासियों के अनुसार,** बाड़ी रोड पर महिला थाने के सामने स्थित भूमि पीडब्ल्यूडी और आवासन मंडल के बीच कोर्ट में विवादित है। आरोप है कि आवासन मंडल ने कुछ भूमाफियाओं और नेताओं को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से इस भूमि का आवंटन किया। भवन निर्माण के लिए आवासन मंडल ने पीडब्ल्यूडी से अनुमति मांगी। जिस पर पीडब्ल्यूडी ने सेंट्रल लाइन से 40 मीटर भूमि छोड़कर आवासन



मंडल को निर्माण करने के लिए कहा। इसके बावजूद आवासन मंडल ने तथ्यों को छुपा कर तहसीलदार से पेड़ काटने के लिए परमिशन ले ली।

**लोगों ने बताया कि** मुख्य सड़क की सेंटर लाइन से 40 मीटर दूर भूमि का आवंटन किया जाना चाहिए था, लेकिन आवासन मंडल ने केवल 17.5 मीटर जगह छोड़कर प्लॉट आवंटित किए। इन आवंटित भूखंडों के लिए सरकारी भूमि पर खड़े 90 से अधिक हरे-भरे और फलदार पेड़ों को काटने की अनुमति तहसीलदार से ली गई। मामले को लेकर तहसीलदार दिनेश जोशी ने पुष्टि की कि आवासन मंडल ने उनसे पत्र लिखकर पेड़ काटने की अनुमति प्राप्त की थी।

**उन्होंने बताया कि** इस संबंध में जांच की जा रही है। स्थानीय निवासी रामनरेश शास्त्री ने बताया कि उन्होंने सड़क किनारे इन 90 से अधिक पेड़ों को वर्षों तक पाला-पोसा था। आवासन मंडल ने गलत तरीके से अनुमति लेकर इन पेड़ों को काट दिया।

### नियमों को ताक पर रख किया जा रहा है आवंटन

दरअसल जिस सड़क किनारे आवासन मंडल ने कुछ लोगों को जमीन का आवंटन किया हैं। उस जगह पर सेंट्रल लाइन से 40 मीटर छोड़कर आवंटन किया जाना था जबकि आवासन मंडल पीडब्ल्यूडी की सड़क को अपना बताकर आवंटन कर रहा हैं।

# धौलपुर में बिना वेतन के दीपावली मनाने को मजबूर व्यावसायिक प्रशिक्षक

धौलपुर विजय श्रीवास्तव द डेस्प्रिंग न्यूज़

ज़िले के सरकारी विद्यालयों में कार्यरत व्यावसायिक प्रशिक्षक एवं प्रशिक्षिका इस बार दीपावली का त्योहार मायूस होकर मनाने को मजबूर हैं। 6 से 7 महीनों से वेतन न मिलने के कारण इन प्रशिक्षकों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। जानकारी के अनुसार व्यावसायिक शिक्षा योजना के तहत विद्यालयों में नियुक्त प्रशिक्षकों को पिछले कई महीनों से मानदेय का भुगतान नहीं हुआ है। वेतन न मिलने के कारण प्रशिक्षकों के परिवारों की स्थिति दयनीय होती जा रही है।

**प्रशिक्षकों का कहना है कि** उन्होंने कई बार जिला शिक्षा अधिकारियों और संबंधित विभाग को एवं जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं निकला दीपावली जैसे प्रमुख त्योहार के समय भी वे अपने परिवार की जरूरतें पूरी नहीं कर पा रहे हैं।

**एक प्रशिक्षक ने बताया कि** "सरकार हमसे छात्रों को रोजगारपरक शिक्षा देने की उम्मीद रखती है, लेकिन हमारे खुद के परिवार की आर्थिक स्थिति पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा।"सरकारी स्कूलों में कार्यरत ये व्यावसायिक



प्रशिक्षक लगातार शिक्षा व्यवस्था को सशक्त बनाने में योगदान दे रहे हैं फिर भी समय पर वेतन न मिलना उनके लिए आर्थिक संकट का कारण बना हुआ है। प्रशिक्षकों का कहना है कि सरकार "डबल इंजन" की बात तो करती है परंतु जमीनी हकीकत यह है कि व्यावसायिक प्रशिक्षक को जॉब सिक्योरिटी नहीं ना कोई मेडिकल मातृ अवकाश कुछ नहीं सबसे बड़ी समस्या वेतन के अभाव में त्योहार मनाना भी मुश्किल हो गया है। प्रशिक्षकों ने शासन-प्रशासन से जल्द से जल्द बकाया वेतन जारी करने की मांग की है ताकि वे भी आम नागरिकों की तरह दीपावली का पर्व हर्षोल्लास से मना सकें।

# बारहभाई मेला समिति द्वारा सनाढ्य ब्राह्मण समाज बाड़ी नवनियुक्त अध्यक्ष का किया सम्मान

द डेस्प्रिंग

**बाड़ी/आशीष शर्मा** । बाड़ी सनाढय ब्राह्मण समाज के नवनियुक्त अध्यक्ष पवन चंसौरिया का पुराना बाजार स्थित श्री विठ्ठल नाथ भगवान मंदिर पर बारहभाई मेला समिति एवं रामायण मंडल द्वारा स्वागत एवं सम्मान किया गया। मेला कमेटी सदस्यों एवं रामायण मंडल के सदस्यों के द्वारा नवनियुक्त अध्यक्ष को साफा एवं माला पहनाकर स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया।साथ ही नवनियुक्त अध्यक्ष को उनके अग्रिम कार्यकाल की शुभकामनाएं दी। नवनियुक्त बाड़ी ब्राह्मण समाज अध्यक्ष पवन चंसौरिया ने सभी सदस्यों का आभार एवं धन्यवाद



ज्ञापित किया।साथ ही ब्राह्मण समाज को संगठित एवं एकजुट करके समाज को नई दिशा देने की अपनी प्रतिबद्धता जताई। इस दौरान बारह भाई मेला कमेटी के पूर्व अध्यक्ष सतीश प्रजापति,कोषाध्यक्ष राजेंद्र गर्ग,प्रजापति समाज के नगर अध्यक्ष संतोष प्रजापति,हरभजन लाल प्रजापति,सुरेश दीक्षित,कमलेश चंसौरिया,राजू कपरेला,रवि कनौआ सहित सभी गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# नवनिर्वाचित ब्राह्मण समाज अध्यक्ष का विहिप ने किया सम्मान

द डेस्प्रिंग

**बाड़ी/आशीष शर्मा** । अग्रवाल धर्मशाला बाड़ी पर विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष डॉ. जितेंद्र गुलपारिया द्वारा सनाढय ब्राह्मण सेवा समिति बाड़ी के नव निर्वाचित अध्यक्ष पवन चंसौरिया का माला एवं साफा पहनाकर भव्य स्वागत किया। साथ में भाजपा की मंडल अध्यक्ष वंदना शिवहरे, जिला महामंत्री अनिल गोयल ,सतीश प्रजापति, शिप्रा गर्ग, नाजिया खान, नितिन राजपुरोहित, धनंजय शर्मा सुनील बंसल श्रीनिवास मित्तल सभी ने मिलकर अध्यक्ष का पुष्पमाला एवं भगवा पटुका पहनाकर भव्य स्वागत किया एवं उनके अच्छे कार्यकाल के लिये शुभकामनाएं दी।साथ ही भगवान परशुराम के जयघोष लगाए।



# अग्रवाल समाज का अधिवेशन एवं दीपावली मिलन समारोह 26 अक्टूबर 25 को होगा आयोजित

धौलपुर विजय श्रीवास्तव द डेस्प्रिंग न्यूज़



**धौलपुर** । अग्रवाल समाज का विराट अधिवेशन एवं दीपावली मिलन समारोह 26 अक्टूबर 25 को शंभू रिसॉर्ट बसेड़ी रोड बाड़ी जिला धौलपुर में आयोजित किया जा रहा है। अग्रवाल सम्मेलन नई दिल्ली के स्थापना के पचास वर्ष पूर्ण होने पर स्वर्ण जयंती के रूप ने मनाया जा रहा है।

**धौलपुर जिला अग्रवाल महासमिति जिला अध्यक्ष ऋषि मित्तल ने बताया कि** धौलपुर जिले के अग्रवाल समाज का एक विराट अधिवेशन एवं दीपावली मिलन समारोह किया जा रहा है। जिसमें जिले के अग्रवाल बंधुओं के साथ साथ अन्य जिलों से भी अग्रवाल समाज बंधु और राष्ट्रीय पदाधिकारीगण एवं कई प्रदेशों के सभी पदाधिकारीगण , जनप्रतिनिधि, समाजवियो के साथ साथ अग्रवाल समाज के बंधु एवं बहिने भी उपस्थित रहेंगी।

अग्रवाल समाज के इस विराट अधिवेशन एवं दीपावली मिलन समारोह में समाज की एकता ,राजनेतिक, आर्थिक, सामाजिक एवं शैक्षिक विषयों पर चर्चा होगी।

## दैनिक जीवन में स्वदेशी उत्पादों का करें प्रयोगः डॉ.शैलेश दिगंबर

# आत्मनिर्भर भारत एवं जीएसटी विधानसभा सम्मेलन हुआ आयोजित

द डेस्प्रिंग न्यूज़

**बाड़ी/आशीष शर्मा।** भाजपा की आत्म निर्भर भारत संकल्प अभियान का विधानसभा सम्मेलन जिला अध्यक्ष राजवीर राजावत की अध्यक्षता मे अग्रवाल पंचायती धर्मशाला बाड़ी में संपन्न हुआ। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप मे डॉ शैलेश दिगंबर विधायक डींग कुम्हेर , विशिष्ट अतिथि के रूप मे पूर्व सांसद राम स्वरूप कोली , पूर्व विधायक गिर्राज सिंह मलिंगा , मोतीलाल मीणा प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा, जिला महामंत्री अनिल गोयल आत्मनिर्भर भारत के जिला संयोजक मदनलाल कोली विधानसभा संयोजक विनय परमार की मौजूदगी में संपन्न हुआ। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा भारत माता के चित्र के समक्ष दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि डॉ.शैलेश दिगंबर सिंह ने विकसित राष्ट्र निर्माण में स्वदेशी वस्तुओं की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। जिला अध्यक्ष राजवीर सिंह,प्रदेश उपाध्यक्ष मोतीलाल मीणा एवं पूर्व विधायक गिर्राज सिंह मलिंगा,पूर्व सांसद रामस्वरूप कोली ने स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग एवं जीएसटी की दरों में कमी से लोगों को होने वाले फायदों के बारे में बताया।






कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन नगर अध्यक्ष वंदना शिवहरे ने किया एवं सभी मंचासीन अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। इस अवसर पर भाजपा के जिला उपाध्यक्ष अविनाश शर्मा,आत्म निर्भर भारत कार्यक्रम के जिला सह संयोजक डॉ.मनोज शर्मा, कंचनपुर मंडल अध्यक्ष सुभाष तोमर बसई नवाब मंडल संयोजक के जी तिवारी,बिजौली मंडल अध्यक्ष रविंद्र बटेश्वर,जारगा मंडल अध्यक्ष रामलखन सिंह परमार,स्टोन संगठन के अध्यक्ष मुन्नालाल मंगल, ब्राह्मण समाज अध्यक्ष पवन चंसौरिया,अग्रवाल समाज की महिला जिला अध्यक्ष सरोज मंगल,सतीश प्रजापति,धनंजय शर्मा,नाजिया खां, सचिन बंसल, डॉ.जितेंद्र शर्मा,शिप्रा गर्ग नितिन शर्मा ,गया प्रसाद कुशवाह, प्रदीप भारद्वाज, सतीश प्रजापति, रामकुमार चौधरी आदि मौजूद रहे।



## ग्लैमर से पहले आध्यात्मिक पड़ाव

# कृति शेट्टी ने तिरुपति में बालाजी के किए दर्शन

**अभिनेत्री** कृति शेट्टी को हाल ही में तिरुपति बालाजी मंदिर में दर्शन करते हुए देखा गया, जहां उन्होंने शांति और भक्ति से परिपूर्ण माहौल में पूजा-अर्चना की, जिसने प्रशंसकों का ध्यान खींचा। पारंपरिक पोशाक और सादगी भरे अंदाज में नजर आईं कृति ने अपने व्यस्त ग्लैमर जीवन से थोड़ा समय निकालकर दक्षिण भारत के सबसे पूजनीय मंदिरों में से एक में आशीर्वाद प्राप्त किया। अपनी बढ़ती प्रसिद्धि के बावजूद जमीन से जुड़ी रहने वाली बॉलीवुड की अगली सुपर स्टार के इस शांतिपूर्ण मंदिर-दर्शन यात्रा ने सोशल मीडिया पर उनके प्रशंसकों के दिलों को छू लिया। अभिनेत्री की इस यात्रा की तस्वीरें जल्द ही सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गईं, जहां कई लोगों ने उनकी सादगी और श्रद्धा की सराहना की। तिरुपति लंबे समय से अनेक कलाकारों के लिए एक पवित्र पड़ाव रहा है, विशेषकर तब जब वे किसी बड़े व्यक्तिगत या पेशेवर मोड़ की ओर बढ़ते हैं। उसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए कृति ने बिना किसी दिखावे के पूजा की और मंदिर में कुछ पल शांत वातावरण में बिताए, इसके बाद वे अपने व्यस्त शेड्यूल की ओर लौट गईं। कार्य के मोर्चे पर कृति शेट्टी भारतीय फिल्म जगत में अपनी मजबूत पहचान बनाती जा रही हैं। दिसंबर उनके लिए बेहद अहम साबित होने वाला है, क्योंकि इसी महीने उनकी तीन बड़ी फिल्में वा वथियार, लव इंश्योरेंस कंपनी और जीनी की रिलीज की तैयारी चल रही है, जो एक ही महीने में सिनेमाघरों में रिलीज होंगी। अपने कॅरियर के इस निर्णायक पड़ाव पर कृति शेट्टी पूरी तरह अपनी आस्था और एकाग्रता में संतुलित नजर आ रही हैं।

# जोश से भरपूर भांगड़ा बीट्स के साथ गोडे-गोडे चा-2 का अगला म्यूजिकल जेम बिल्लो जी रिलीज


**प्यार** को मिला देसी ढोल का ट्विस्ट। 'गोडे-गोडे चा-2' का अगला म्यूजिकल जेम 'बिल्लो जी' अब रिलीज हो चुका है, जिसे दमदार जोड़ी एमी विर्क और गुरजै ने गाया है। कप्तान के मजेदार बोल और एनवी के जोश से भरपूर भांगड़ा बीट्स के साथ यह गाना दिखाता है कि अपने प्यार को रिझाने के लिए स्टाइल, सच्चाई और जबरदस्त डांस के साथ लड़के किस हद तक जा सकते हैं। यह गाना शरारती भी है, रंगीन भी और सबसे खास बात यह इस सीजन का सबसे बड़ा लव एंथम बनने जा रहा है। गाने के बारे में बात करते हुए एमी विर्क ने कहा, कि 'बिल्लो जी' एक बहुत ही खूबसूरत वाइब है। यह खेल-उल्लास, रोमांटिक और फुल-ऑन भांगड़ा एनर्जी वाला ट्रैक है, जो इसे सुनने वाले को अपने पैरों पर थिरकने पर मजबूर कर देता है। यह प्यार का पंजाबी अंदाज में जश्न है और मुझे पूरा यकीन है कि यह हर लड़के का फेवरेट एंथम बन जाएगा।

गाने पर अपना उत्साह व्यक्त करते हुए विजय कुमार अरोड़ा ने कहा कि 'बिल्लो जी' के जरिए हमने उस चुलबुले व बड़े पैमाने के पंजाबी रोमांस को कैप्चर करने की कोशिश की है, जहां हर इमोशन जोरदार है और हर जेस्चर ग्रैंड। यह सिर्फ एक गाना नहीं, बल्कि फिल्म का वह पल है, जहां एनर्जी अपने शिखर पर पहुंच जाती है और मैं यकीन के साथ कह सकता हूं कि दर्शक भी उस जादू को महसूस करेंगे। 'गोडे गोडे चा 2' नेशनल अवॉर्ड विजेता ब्लॉकबस्टर ओरिजिनल की परंपरा को आगे बढ़ाता है, जिसमें जेंडर को-एग्जस्टेंस पर एक नई और मनोरंजक नजर डाली गई है। जी म्यूजिक द्वारा जारी इसका संगीत एल्बम इस सीजन की सबसे रोमांचक म्यूजिकल रिलीज में से एक बनता जा रहा है। अपनी झूमाने वाली रिदम और प्यार के रंगीन जश्न के साथ 'बिल्लो जी' आने वाले समय की झलक पेश करता है। 'गोडे गोडे चा 2', जिसे जी स्टूडियोज और वीएच




एंटरटेनमेंट ने प्रोड्यूस किया है, यह 21 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है। शक्तिशाली थीम्स और हाई-एनर्जी म्यूजिक के इस मेल से यह फिल्म दर्शकों को मनोरंजन के साथ-साथ सोचने पर मजबूर करने वाला सिनेमा अनुभव भी प्रदान करेगी।

# 'थामा' का नया गाना 'पॉइजन बेबी' रिलीज, मलाइका अरोड़ा के ठुमकों ने दर्शकों को किया दीवाना








**आयुष्मान खुराना** और रश्मिका मंदाना अभिनीत आगामी फिल्म 'थामा' दिवाली के मौके पर रिलीज होने वाली है। मेकर्स ने फिल्म का नया सॉन्ग 'पॉइजन बेबी' रिलीज कर दिया है। इस गाने में मलाइका अरोड़ा के डांस मूव्स दर्शकों को आकर्षित कर रहे हैं। साथ ही यह गाना सोशल मीडिया पर ट्रेंड करने लगा है। इस गाने में मलाइका अरोड़ा का जोशीला और हॉट अंदाज देखने को मिल रहा है। 3 मिनट 2 सेकंड के इस गाने में अभिनेत्री डांस फ्लोर पर तहलका मचाती हुई नजर आ रही हैं। इस गाने में रश्मिका मंदाना भी मलाइका का बराबर साथ देती दिख रही हैं। आपको बताते चलें कि इस सॉन्ग में आयुष्मान खुराना का भी किरदार कुछ देर के लिए नजर आता है। 'पॉइजन बेबी' गाने को जैस्मीन सैंडलस, सचिन-जिगर और दिव्या कुमार द्वारा गाया गया है। वहीं गाने के बोल अमिताभ भट्टाचार्य ने लिखे हैं। इस गाने के रिलीज होते ही नेटिजंस की प्रतिक्रियाएं आने लगी हैं। एक यूजर ने कहा कि मलाइका ने कमाल कर दिया। वहीं दूसरे यूजर ने लिखा कि रश्मिका और मलाइका अरोड़ा के डांस मूव्स कमाल के हैं। कई लोगों ने वीडियो में निर्देशक अमर कौशिक का कैमियो भी देखा और कहा कि मुझे अमर कौशिक नजर आ रहे हैं।'

### दिवाली के अवसर पर 21 को रिलीज होगी फिल्म

फिल्म 'थामा' का निर्माण दिनेश विजन और अमर कौशिक ने मिलकर किया है। यह मैडॉक हॉरर कॉमेडी यूनिवर्स की पांचवीं किस्त है। इसमें अभिनेता आयुष्मान खुराना, रश्मिका मंदाना, नवाजुद्दीन सिद्दीकी और परेश रावल ने मुख्य भूमिका निभाई है। यह फिल्म दिवाली के अवसर पर 21 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### गाना सुन मलाइका भी कंट्रोल नहीं रख पातीं

दरअसल वीडियो में दोनों एक साथ स्टेज पर खड़ी दिख रही हैं और पीछे बैकग्राउंड में ये गाना बजने लगता है। इसके बाद मलाइका खुद पर कंट्रोल नहीं रख पातीं और वो दिल खोलकर डांस करने लगती हैं। रश्मिका को देखकर ऐसा लग रहा है कि वो डांस करने के मूड में नहीं। हालांकि, छोटी सी कोशिश वो जरूर करती हैं। स्टेज पर मलाइका की एनर्जी कैमरे में भी कैप्चर हुई और अब सोशल मीडिया पर उनकी जमकर तारीफ हो रही है। उन्हें डांस करते देखकर फैन्स ने उनका खूब उत्साह बढ़ाया है। कुछ ने कहा है कि उम्र तो बस एक नंबर है, वर्ना इन्हें मात देना अब भी अच्छी-अच्छी एक्ट्रेस के लिए मुश्किल है। एक ने कहा कि ये रश्मिका के बस का का नहीं। एक ने खिंचाई करते हुए कहा- आंटी जी भारी पड़ गईं रश्मिक पर। एक और ने कहा कि मलाइका हमेशा बेस्ट हैं।

## दिलजीत दोसांझ की 'कुफर' में रोमांचित कर रहा मानुषी छिल्लर का बेहद सेक्सी लुक

# अच्छा...मैंने कुछ नया ट्राई किया

**मिस वर्ल्ड** मानुषी छिल्लर और दिलजीत दोसांझ अपनी नई साझेदारी से पर्दे पर आग लगा रहे हैं। उनका आने वाला म्यजिक वीडियो अब तक देखे गए सभी वीडियो से बिल्कुल अलग है और हाल ही में रिलीज हुआ टीजर उनके साथ मिलकर रचे गए जादू का सबूत है। विजुअल्स में दोनों की जबरदस्त केमिस्ट्री, एनर्जेटिक स्क्रीन प्रेजेंस और एक ऐसा मेल नजर आता है, जो अप्रत्याशित होते हुए भी तुरंत मन मोह लेता है। दिलजीत दोसांझ के आगामी एल्बम ऑरा के गाने 'कुफर' का टीजर जारी किया गया और यह दर्शकों को पूरी तरह प्रभावित कर रहा है। इसमें मानुषी और दिलजीत की यह नई जोड़ी पहली बार साथ नजर आ रही है, जहां मिस वर्ल्ड अपने कलात्मक सफर को एक नए दिशा में ले जा रही हैं, जहां वैश्विक आकर्षण और स्थानीय आकर्षण का संगम है। यह सहयोग मानुषी के रचनात्मक सफर के एक नए पड़ाव का संकेत है, जो हर नए प्रोजेक्ट के साथ विकसित होता जा रहा है। इस गाने के टीजर में मानुषी की एक बिल्कुल नई झलक दिखाई देती है। एक ऐसा बोल्ड और ग्लैमरस अवतार, जो अब तक दर्शकों ने नहीं देखा था। उनकी दमकती इंटेंसिटी को कैद करने वाले आकर्षक क्लोजअप से लेकर डेनिम के साथ चमकदार नारंगी रंग के क्रॉप टॉप में उनके अंदाज तक मानुषी हर फ्रेम में ध्यान आकर्षित करती हैं। 'कुफर' के साथ वह ग्लैमर को एक नए स्तर पर ले जाती हैं, जहां वह आत्मविश्वास और बोल्डनेस से भरपूर दिलजीत के स्वैग से कदम मिलाती नजर आती हैं। दोनों एक पुराने मंद रोशनी वाले बार सेट में झूमते दिखाई देते हैं, जहां झूमर और विंटेज माहौल पूरे दृश्य को पुरानी यादों की खूबसूरती से भर देते हैं।







मानुषी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर यह टीजर साझा करते हुए लिखा कि खैर... मैंने कुछ नया करने की कोशिश की' मानुषी और दिलजीत के बीच की केमिस्ट्री, उनके साझा करिश्मे के साथ मिलकर स्क्रीन पर एक सहज और प्रभावशाली ऊर्जा लाती है। यह प्रस्तुति सिनेमाई भी लगती है और अंतरराष्ट्रीय स्तर की भी। टीजर में दोनों कई आकर्षक सीन में दिखाई देते हैं, जहां मानुषी का ट्रांसफॉर्मेशन पूरी तरह झलकता है। मानुषी के लिए यह सहयोग सिर्फ एक म्यूजिक वीडियो नहीं है, यह उनके कलात्मक सफर को विविध दिशा देने की कोशिश है, जिससे वे दर्शकों से नए और ऊर्जावान तरीकों से जुड़ सकें। जैसे-जैसे टीजर लगातार चर्चा बटोर रही है, यह इस बात की पुष्टि करता है कि 2025 पहले ही स्पष्ट कर चुका है। मानुषी छिल्लर हर प्रोजेक्ट के साथ खुद को नए सिरे से परिभाषित कर रही हैं। रचनात्मक जोखिम उठा रही हैं, दमदार प्रदर्शन कर रही हैं और निडर, फोकस व दृढ़ संकल्प के साथ अपना रास्ता खुद बना रही हैं। 2025 वाकई उनके लिए एक यादगार साल रहा है, जहां मानुषी ने 'मालिक' और 'तेहरान' जैसी फिल्मों में अपने प्रशंसित अभिनय से उन भूमिकाओं को निभाने की अपनी इच्छाशक्ति को उजागर किया है, जो उन्हें चुनौती देती हैं और एक कलाकार के रूप में उन्हें विकसित होने का मौका देती हैं। दिलजीत दोसांझ के साथ उनका यह नवीनतम सहयोग भी उसी दिशा में एक और साहसी कदम है। यह गाना 15 अक्टूबर को रिलीज होगा।

# कुब्रा सैत ने जीता दर्शकों का दिल

## ईमानदारी, चार्म और आत्मविश्वास ने बनाया सीजन की सबसे एंटरटेनिंग और निडर पर्सनैलिटीज



**साल** 2025 वाकई कुब्रा सैत के लिए एक यादगार साल साबित हुआ है। शाहिद कपूर की 'देवा' में अहम भूमिका निभाने के बाद अजय देवगन की 'सन ऑफ सरदार 2' में अपने मस्तीभरे और एनर्जेटिक अंदाज से दर्शकों को एंटरटेन करने वाली कुब्रा ने इस साल रियलिटी शो राइज एंड फॉल में भी शानदार डेब्यू किया। शो में उनकी एंट्री ने सबका ध्यान खींच लिया। उनकी ईमानदारी, चार्म और आत्मविश्वास ने उन्हें सीजन की सबसे एंटरटेनिंग और निडर पर्सनैलिटीज में से एक बना दिया। इतना ही नहीं उन्होंने काजोल के साथ 'द ट्रायल : सीजन 2' में स्क्रीन शेयर की, जिससे उन्होंने एक बार फिर ये साबित कर दिया कि वो ड्रामा, ह्यूमर और रियलिज्म के बीच बखूबी संतुलन बना सकती हैं। वाकई 2025 कुब्रा के कॅरियर का सुनहरा साल रहा है। हाल ही में कुब्रा सैत ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक क्वेश्चन एंड आंसर सेशन रखा। सेशन के दौरान एक फैन ने पूछा कि आप इतनी अच्छी कॉमेडी और सीरियस रोल दोनों कैसे निभा लेती हैं? इस पर एक्ट्रेस ने जवाब दिया कि कॉमेडी या सीरियस रोल अच्छा तभी बनता है, जब स्क्रिप्ट अच्छी हो तो एक और फैन ने पूछा कि ट्रायल में आपका एक्सपीरियंस कैसा रहा? वैसे, आप मेरी फेवरेट एक्टर हैं। कुब्रा ने मुस्कुराते हुए जवाब दिया कि ओह थैंक यू, ये मेरा पहला दूसरा सीजन था। बहुत मजा आया। एक अन्य फैन ने कुब्रा के मल्टी-फेसिटेड टैलेंट की तारीफ करते हुए लिखा कि आप तो रॉकस्टार हैं। फिल्म्स, ओटीटी, होस्टिंग और अब रियलिटी शो, यह सब कुछ कैसे मैनेज करती हैं, इस पर कुब्रा ने अपने सिग्नेचर स्टाइल में जवाब दिया कि मैं एक वॉल्केनो ऑफ टैलेंट हूं। 'द ट्रायल सीजन 2' में कुब्रा सैत ने फिर से अपने मशहूर किरदार सना शेख की भूमिका निभाई। पहले सीजन में इस किरदार को दर्शकों से खूब प्यार मिला था और दूसरे सीजन में उन्होंने अपनी दमदार परफॉर्मेंस से शो में एक नई एनर्जी और डायनमिक्स जोड़ दी। वहीं दूसरी ओर 'द ट्रायल सीजन 2' के अलावा कुब्रा सैत जल्द ही वरुण धवन और मृणाल ठाकुर के साथ 'जवानी तो इश्क होना है' में नजर आने वाली हैं।

# कप्तान शुभमन सहित भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया दौरे पर रवाना हुई, विराट और रोहित भी थे टीम के साथ

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय क्रिकेट टीम बुधवार को ऑस्ट्रेलिया दौरे पर रवाना हुई। इसमें नये एकदिवसीय कप्तान शुभमल गिल के अलावा अनुभवी बल्लेबाज रोहित शर्मा और विराट कोहली सहित कई अन्य खिलाड़ी शामिल थे। भारत के ऑस्ट्रेलिया के बीच 19 अक्टूबर से सीरीज शुरु होगी। इस दौरे पर भारत और ऑस्ट्रेलिया की टीमें तीन मैच की एकदिवसीय सीरीज के अलावा 5 मैच की टी20 सीरीज भी खेलेगी। इस दौरे पर एकदिवसीय टीम की कप्तानी शुभमन गिल करेंगे जबकि टी20 की कप्तानी सूर्यकुमार यादव के पास रहेगी। रोहित और विराट एकदिवसीय सीरीज से सात माह बाद मैदान में वापसी करेंगे। रवाना होने वाले खिलाड़ियों में कप्तान शुभमन , रोहित, विराट, श्रेयस अय्यर, ध्रुव



जुरेल, यशस्वी जायसवाल, हर्षित राणा, केएल राहुल, वॉशिंगटन सुंदर, अर्शदीप सिंह, नितीश कुमार रेड्डी और प्रसिद्ध कृष्णा आदि थे। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पहला एकदिवसीय मुकाबला पर्थ में खेला जाएगा। चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद से ही ये भारतीय टीम की पहली एकदिवसीय सीरीज होगी। भारत की एकदिवसीय टीमः शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर (वीसी), अक्षर पटेल, केएल राहुल (विकेटकीपर), नितीश कुमार रेड्डी, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), यशस्वी जयसवाल।

**भारत की टी20 टीमः** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, शुबमन गिल (उपकप्तान), तिलक वर्मा, नितीश कुमार रेड्डी, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), वरुण चक्रवर्ती, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), रिंकू सिंह, वाशिंगटन सुंदर।

**एकदिवसीय सीरीज कार्यक्रम**

- पहला एकदिवसीय- 19 अक्टूबर; सुबह 9 बजे
- दूसरा एकदिवसीय- 23 अक्टूबर; सुबह 9 बजे
- तीसरा एकदिवसीय- 25 अक्टूबर; सुबह 9 बजे

**टी20 कार्यक्रम**

- पहला टी20- 29 अक्टूबर; दोपहर 1 बजकर 45 मिनट से
- दूसरा टी20- 31 अक्टूबर; दोपहर 1 बजकर 45 मिनट से
- तीसरा टी20- 2 नवंबर; दोपहर 1 बजकर 45 मिनट से
- चौथा टी20- 6 नवंबर; दोपहर 1 बजकर 45 मिनट से
- पांचवां टी20- 8 नवंबर; दोपहर 1 बजकर 45 मिनट से

## यशस्वी टेस्ट की तरह ही एकदिवसीय प्रारुप में भी एक सफल सलामी बल्लेबाज बनेंगे : आकाश चोपड़ा

**एजेंसी, नई दिल्ली**



पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा का मानना है कि रोहित शर्मा अब अपने करियर के अंतिम पड़ाव पर हैं। ऐसे में आने वाले समय में उनकी जगह लेने के लिए युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल सबसे अच्छे विकल्प है। यशस्वी ने हालांकि अभी तक केवल एक ही पचास ओवर का मैच खेला है हालांकि इसके बाद भी चोपड़ा को पूरा भरोसा है कि युशस्वी टेस्ट की तरह ही एकदिवसीय प्रारुप में भी एक सफल सलामी बल्लेबाज बनेंगे। इस पूर्व क्रिकेटर के अनुसार जब यशस्वी शुभमन के साथ पारी शुरु करेंगे तो प्रशंसकों को रोहित की कमी बिल्कुल महसूस नहीं होगी। यशस्वी ने टेस्ट सीरीज में पारी की शुरुआत करते हुए कई बड़ी पारियां खेल हैं। इंग्लैंड दौरे के बाद वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू सीरीज में भी उन्होंने जमकर रन बनाये हैं। दिल्ली टेस्ट में भारत की पहली पारी में उन्होंने 258 गेंदों में 175 रनों की शानदार पारी खेली। अब तक 26 टेस्ट खेल चुके यशस्वी ने अब तक केवल एक ही पचास ओवर का मैच खेला है। वहीं उन्होंने 23 टी20 खेले हैं। आकाश ने कहा कि यशस्वी शीघ्र ही तीनों फॉर्मेट में टीम इंडिया का नियमित हिस्सा बन सकते हैं। वह पहले ही टी20 अंतरराष्ट्रीय में प्रभावित कर चुके हैं और एक शतक भी जड़ चुके हैं। आईपीएल में उनकी बल्लेबाजी में निरंतरता रही है। वह टी20 विश्व कप दल का भी हिस्सा थे।

## रोहित और विराट अभी अपने खेल का ही आनंद लें : कुंबले

**एजेंसी, नई दिल्ली**




भारतीय टीम के पूर्व क्रिकेटर और कोच रहे अनिल कुंबले ने कहा है कि रोहित शर्मा और विराट कोहली का 2027 एकदिवसीय विश्वकप में खेलना तय नहीं है। कुंबले का मानना है कि ऐसे में इन दोनों खिलाड़ियों को अभी मैदान पर अपने खेल का आनंद लेना चाहिये क्योंकि विश्व कप में अभी दो साल का समय है। ऐसे में प्रशंसकों को भी अगामी विश्वकप को लेकर अटकलें लगाने की जगह पर उनके अब तक के शानदार करियर पर बात करनी चाहिये। उन्होंने कहा, हमें बस इन दोनों को मैदान पर खेलते हुए देखने का आनंद लेना चाहिये। कुंबले के अनुसार इन दोनो का भारतीय क्रिकेट में काफी योगदान है। साल 2027 अभी दूर है, इसलिए इन दोनो को ही अपनी बल्लेबाजी पर ध्यान देना चाहिए।

कुंबले ने यह भी कहा कि अब जब रोहित के ऊपर कप्तानी का बोझ नहीं है तो ऐसे में वह खुलकर खेल सकेंगे। ऐसे में उनके पास अपने फिर से साबित करने का अच्छा अवसर है। रोहित और विराट ने अंतिम बार मार्च 2025 में चैंपियंस ट्रॉफी में खेला था। इसके बाद से ही दोनो खेल से दूर हैं। साथ ही कहा कि इन दोनो को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज़ में वापसी पर बेहतर प्रदर्शन कर चयनसमिति का भरोसा जीतना होगा। तभी उन्हें 2027 विश्व कप के लिए टीम में जगह मिल पायेगी।

## श्रीकांत पर भड़के गंभीर, बोले हर्षित जैसे युवा खिलाड़ी को निशाना बनाना गलत

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने तेज गेंदबाज हर्षित राणा के चयन पर सवाल उठाने के लिए पूर्व कप्तान कृष्णमाचारी श्रीकांत की आलोचना की है। गंभीर के अनुसार जिस प्रकार से श्रीकांत ने एक युवा



खिलाड़ी की निंदा की है वह सही नहीं है। श्रीकांत ने कहा था कि राणा केवल गंभीर की वजह से राष्ट्रीय टीम में हैं। उन्होंने कहा कि राणा को ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए एकदिवीसय टीम में इसलिए जगह मिली है क्योंकि वह गंभीर की हर बात मानते हैं। इसके अलावा उनकी कोई योग्यता नहीं है। गंभीर ने कहा, 'यह बेहद निराशाजनक बात है कि कोई व्यक्ति अपना चैनल चलाने के लिए किसी युवा खिलाड़ी को निशाना बना रहा है। साथ ही कहा कि अगर आप मुझे निशाना बनाना चाहते हैं, तो बनाइए। मैं सामना कर सकता हूं पर किसी युवा खिलाड़ी को ट्रोल करना बेहद गलत बात है। उन्होंने कहा, ' राणा को अपनी योग्यत के आधार पर टीम में जगह मिली है। वहीं श्रीकांत ने हाल ही में तंज कसते हुए कहा था, ' टीम में एक खिलाड़ी है हर्षित पर किसी को नहीं मालूम की वह टीम में क्यों है। सबसे अच्छा यही है कि हर्षित की तरह बनें और टीम में चयन के लिए गंभीर की बातें मानते रहें। उन्होंने कहा कि गंभीर के मुख्य कोच बनने के बाद से ही उसे दो टेस्ट, पांच एकदिवसीय और तीन टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने को मिले हैं।

## कॉन्स्टास और लाबुशेन को एशेज के लिए शामिल करें : वॉर्नर

**एजेंसी, सिडनी**

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी डेविड वॉर्नर ने कहा है कि युवा बल्लेबाज सैम कॉन्स्टास और मार्नस लाबुशेन को अगले माह होने वाली एशेज सीरीज के लिए टीम में शामिल किया जाना चाहिये। वॉर्नर के अनुसार कॉन्स्टास एक प्रतिभाशाती युवा बल्लेबाज हैं। वहीं लाबुशेन ने डेब्यू के बाद से ही 50 की औसत से रन बनाये हैं। ये सही है कि वह पिछले कुछ समय से फार्म में नहीं है पर उनकी क्षमताओं को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। वार्नर ने कॉन्स्टास की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि उन्हें टीम में जगह मिलनी चाहिये। वॉर्नर के अनुसार कॉन्स्टास पिछली बार भारतीय टीम के खिलाफ सीरीज के दौरान दबाव में आ गये थे पर भारत ए के खिलाफ शानदार शतक लगाकर उन्होंने अच्छी वापसी की थी। वॉर्नर ने कहा, मैं चाहता हू कि चयनकर्ता कॉन्स्टास को अवसर दें। उसने भारत ए के खिलाफ शानदार शतक लगाया था उसमें बड़ी पारियां खेलने की अच्छी क्षमताएं हैं।वॉर्नर ने कहा कि इंग्लैंड की गेंदबाजी इकाई अच्छी है पर उनके पास जसप्रीत बुमराह जैसा गेंदबाज नहीं है, इसलिए कॉन्स्टास को डरने की जरूरत नहीं है। पिछली बार उसने बुमराह के कारण अपनी बल्लेबाजी का तरीका बदल दिया था पर उसे अपनी स्वाभाविक बल्लेबाज़ी करनी चाहिए। जब




वो सामान्य खेलता है, तो बड़ा स्कोर हमेशा संभव होता है।वॉर्नर ने यह भी कहा कि मार्नस लाबुशेन को टीम में वापस लाया जाना चाहिए, लेकिन उन्हें ओपनिंग नहीं करनी चाहिए। लाबुशेन के पास टेस्ट अनुभव है और वह नंबर 3 पर शानदार बल्लेबाज़ी कर सकता है। अगर कोई बल्लेबाज़ 50 की औसत से रन बना रहा है, तो उसे खारिज नहीं किया जा सकता है।

# व्यापार

## ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत, एशिया में तेजी का रुख


**नई दिल्ली**। ग्लोबल मार्केट से आज मिले-जुले संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान कमजोरी के साथ बंद हुए। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज बढ़त के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजारों में पिछले सत्र के दौरान मिला-जुला कारोबार होता रहा। वहीं एशियाई बाजार में आज आमतौर पर तेजी का रुख बना हुआ है। अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान बिकवाली का दबाव बना रहा, जिसके कारण वॉल स्ट्रीट के सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुए। एस एंड पी 500 इंडेक्स 0.16 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 6,644.31 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नैस्डेक ने 172.91 अंक यानी 0.76 प्रतिशत टूट कर 22,521.70 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। वहीं डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल 0.15 प्रतिशत की मजबूती के साथ 46,339.31 अंक के स्तर पर कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार पिछले सत्र के दौरान दबाव में कारोबार करने के बाद आखिरी वक्त में हुई खरीदारी के कारण मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। एफटीएसई इंडेक्स 0.10 प्रतिशत की तेजी के साथ 9,452.77 अंक के स्तर पर बंद हुआ। दूसरी ओर, सीएसी इंडेक्स ने 0.18 प्रतिशत की गिरावट के साथ 7,919.62 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसी तरह डीएएक्स इंडेक्स 150.99 अंक यानी 0.62 प्रतिशत की कमजोरी के




साथ 24,236.94 अंक के स्तर पर बंद हुआ। एशियाई बाजार में आज आमतौर पर तेजी का रुख बना हुआ है। एशिया के 9 बाजार में से 8 के सूचकांक मजबूती के साथ हरे निशान में कारोबार कर रहे हैं, जबकि एक सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में बना हुआ है। एशियाई बाजारों में से इकलौता जकार्ता कंपोजिट इंडेक्स फिलहाल 0.79 प्रतिशत लुढ़क कर 8,003.09 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। दूसरी ओर, गिफ्ट निफ्टी 166.50 अंक यानी 0.66 प्रतिशत की मजबूती के साथ 25,361.50 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह स्ट्रेट्स टाइम्स इंडेक्स 0.36 प्रतिशत की तेजी के साथ 4,369.99 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। कोस्पी इंडेक्स ने आज बड़ी छलांग लगाई है। फिलहाल ये सूचकांक 2.02 प्रतिशत उछल कर 3,633.92 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। इसी तरह ताइवान वेटेड इंडेक्स 363.72 अंक यानी 1.36 प्रतिशत की बढ़त के साथ 27,156.87 अंक के स्तर पर आ गया है। इसके अलावा हैंग सेंग इंडेक्स 328.65 अंक यानी 1.29 प्रतिशत की मजबूती के साथ 25,770 अंक के स्तर पर, निक्केई इंडेक्स 580.68 अंक यानी 1.24 प्रतिशत की तेजी के साथ 47,428 अंक के स्तर पर, सेट कंपोजिट इंडेक्स 0.81 प्रतिशत उछल कर 1,276.69 अंक के स्तर पर और शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.10 प्रतिशत की बढ़त के साथ 3,869.25 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहे हैं।

## भारत और सऊदी अरब रसायन और पेट्रोकेमिकल क्षेत्र में आपसी सहयोग बढ़ाने पर सहमत

**नई दिल्ली**। भारत और सऊदी अरब ने रसायन एवं पेट्रोकेमिकल्स क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ाने, निवेश को बढ़ावा देने और सहयोग के नए क्षेत्रों की खोज करने का निर्णय लिया है। दोनों पक्षों ने इस क्षेत्र में एक स्थायी और पारस्परिक रूप से लाभकारी साझेदारी बनाने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई, जिससे भारत और सऊदी अरब के बीच रणनीतिक और आर्थिक संबंध और मजबूत होंगे। केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय ने रसायन एवं पेट्रोरसायन क्षेत्र में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय सहयोग को और मज़बूत करने के लिए सऊदी अरब के उद्योग एवं खनिज मंत्रालय के साथ एक द्विपक्षीय बैठक की। बैठक की अध्यक्षता सऊदी अरब के उद्योग एवं खनिज उप मंत्री




खलील बिन इब्राहिम बिन सलामाह और केंद्रीय रसायन एवं पेट्रोरसायन सचिव निवेदिता शुक्ला वर्मा ने की। मंत्रालय के मुताबिक बैठक के दौरान द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने, निवेश को बढ़ावा देने और इस क्षेत्र में सहयोग के नए क्षेत्रों की खोज पर चर्चा हुई। दोनों देश इस क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास के साथ-साथ कौशल विकास के क्षेत्र में सहयोग करने पर सहमत हुए। सऊदी अरब भारत का चौथा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। इसके साथ ही भारत सऊदी अरब का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार वित्त वर्ष 2024-25 में 41.88 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया है, जिसमें रसायन और पेट्रोकेमिकल्स का योगदान 10 प्रतिशत अर्थात 4.5 अरब अमेरिकी डॉलर है।

## सर्राफा बाजार में रिकॉर्डतोड़ तेजी जारी, नए शिखर पर सोना और चांदी

**नई दिल्ली**। घरेलू सर्राफा बाजार में सोना और चांदी की कीमत में रिकॉर्ड तेजी का सिलसिला आज भी जारी है। ये दोनों चमकीली धातुएं आज एक बार फिर मजबूती के नए शिखर पर पहुंची हुई हैं। आज के कारोबार में सोना 2,700 रुपये से लेकर 2,950 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हुआ है। इसी तरह चांदी की कीमत 4,000 रुपये प्रति किलोग्राम तक उछल कर नई ऊंचाई पर पहुंच गई है। कीमत में तेजी आने के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 1,28,360 रुपये से लेकर 1,28,510 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,17,660 रुपये से लेकर 1,17,810 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। वहीं, चांदी के भाव में भी उछाल आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 1,89,100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,28,510 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,17,810 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,28,360 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,17,660 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,28,410 रुपये प्रति 10 ग्राम



और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,17,710 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,28,360 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,17,660 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 1,28,360 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,17,660 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

## सितंबर में यात्री वाहनों की बिक्री चार फीसदी बढ़कर 3,72,458 इकाई रहीः सियाम




**नई दिल्ली**। अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर अच्छी खबर है। देश में यात्री वाहनों की थोक बिक्री सितंबर महीने में सालाना आधार पर चार फीसदी बढ़कर 3,72,458 इकाई रही है। उद्योग संगठन सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) ने बुधवार को जारी आंकड़ों में बताया कि सितंबर में निर्माताओं से डीलरों तक यात्री वाहनों की शिपमेंट में सालाना आधार पर चार फीसदी की वृद्धि देखी गई। उद्योग निकाय ने कहा कि सितंबर में कुल 3,72,458 इकाइयां भेजी गईं, जबकि 2024 में इसी अवधि के दौरान यह संख्या 3,56,752 थी। आंकड़ों के मुताबिक सितंबर महीने में दोपहिया वाहनों की बिक्री 7 फीसदी वृद्धि के साथ 21,60,889 इकाई रही, जबकि सितंबर, 2024 में यह 20,25,993 इकाई रही थी। ये वृद्धि ऑटोमोटिव क्षेत्र के लिए एक सकारात्मक संकेतक है, जो बढ़ती उपभोक्ता मांग और बाजार की मजबूती को दर्शाता है।

## शेयर बाजार तेजी के साथ खुला

- सेंसेक्स 200, निफ्टी 94 अंक उछला

**मुम्बई**। भारतीय शेयर बाजार बुधवार को तेजी के साथ खुला। बाजार में ये बढ़त एशियाई बाजारों से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीदारी हावी होने से आई है। सुबह वित्तीय सेवाओं और और सरकारी बैंकिंग शेयरों में खरीदारी से भी बाजार उछला। इसी के साथ ही 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 82,197.25 अंक पर खुला। सुबह यह 329.57 अंक या 0.40 फीसदी की बढ़त लेकर 82,359.55 पर चल रहा था। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 26 के शेयर उछले जबकि 4 कंपनियों के शेयरों में गिरावट रही। इसी प्रकार 50 शेयरों वाले नेशनल स्टॉक एक्सचेंज भी तेजी के साथ खुला। खुलते ही इंडेक्स में बढ़त देखने को मिली और सुबह 94.60 अंक या 0.38 फीसदी की बढ़त के साथ 25,239 पर कारोबार कर रहा था। विदेशी निवेशकों ने गत दिवस 1,059.41 करोड़ रुपये के शेयर




बेचे। वहीं दूसरी ओर, घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 3,024.10 करोड़ रुपये के शेयरों की खरीद की। एशियाई बाजारों की बात करें तो उसमें मजबूती दर्ज की गयी। जापान का निक्केई 225 इंडेक्स 0.3 फीसदी उछला जबकि ऑस्ट्रेलिया का एसएंडपी/एएसएक्स 200 इंडेक्स 0.93 फीसदी उछला और दक्षिण कोरिया का कोस्पी 0.8 फीसदी ऊपर रहा। एशियाई बाजारों में यह बढ़त अमेरिका और चीन के बीच व्यापार तनाव बढ़ने से आई है।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक अमरदीप शर्मा के लिए जैमन प्रिंटर्स प्रा. लि. रोड नं. 14 पी विश्वकर्मा इंडस्ट्रियल एरिया जयपुर, 302013 से मुद्रित एवं एफ- 43 गोविंदम टावर ,करधनी कालवाड़ रोड जयपुर से प्रकाशित। प्रधान कार्यालयः- एफ- 43 गोविंदम टावर करधनी कालवाड़ रोड जयपुर 302012 (राज.) संपादक अमरदीप शर्मा । राजस्थान मीनू सेन प्रबंध संपादक सीकर मोः नंबर